# शिक्षा की प्रगति

1973-74

शिक्षा निदेशालय, उ०प्र०, इलाहाबाद

# उत्तर प्रदेश में शिक्षा की प्रगति

## भाग 1

## ( सामान्य शिक्षा )

1973-74

शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश,

इलाहाबाद

# विषय-सूची


| विषय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|
| 1—सामान्य पर्यवेक्षण .. .. .. .. | 1 |
| 2—प्राथमिक शिक्षा .. .. .. .. | 2–4 |
| 3—पूर्व माध्यमिक शिक्षा .. .. .. | 5–6 |
| 4—उच्चतर माध्यमिक शिक्षा .. .. .. | 7–11 |
| 5—उच्च शिक्षा .. .. .. .. | 12–13 |
| 6—विविध .. .. .. .. | 14–20 |
| 7—विभाग की अन्य उल्लेखनीय उपलब्धियां .. .. | 21–22 |


------

# अध्याय 1

## सामान्य पर्यवेक्षण

वर्ष 1973–74 प्रदेश में चतुर्थ पंचवर्षीय योजना का अंतिम वर्ष था। इस वर्ष की शैक्षिक प्रगति की विशेषता यह थी कि प्रदेश का जन समुदाय समाजवाद की ओर अग्रसर रहा।

चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के प्रथम वर्ष में जितनी परियोजनायें प्रारम्भ की गयीं उनके भौतिक एवं आर्थिक लक्ष्य प्राप्त करने के लिये चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के अंतिम वर्ष में प्रभावी प्रयास किये गये इसका परिणाम यह हुआ कि शिक्षा विभाग ने भारत के लोक प्रिय प्रधान मंत्री के 'गरीबी हटाओ' आन्दोलन को सजीव और सफल बनाने के लिए प्रबल प्रयत्न किये।

भारतीय संविधान के निर्देशक सिद्धांत के अनुसार प्रारम्भिक शिक्षा को सर्व सुलभ करने के लिये असेवित क्षेत्रों में बेसिक स्कूल खोले गये और अतिरिक्त अध्यापकों की नियुक्ति की गयी। बेसिक शिक्षा परिषद के 18,000 अध्यापक/अध्यापिकाओं को प्रशिक्षित करने के लिए वृहद् कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया।

पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के विज्ञान अध्यापकों के सेवारत प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी।

सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों का वेतन प्रत्येक मास की बीसवीं तारीख तक देने का दायित्व शासन ने पहले स्वीकार किया था किन्तु उनके वेतन का भुगतान प्रथम सप्ताह में ही कर देने के लिये, उनकी मांग के अनुसार, राजाज्ञा निर्गत की गयी। प्रबन्धक के द्वारा निकाले गये और विभाग के द्वारा बहाल किये गये अध्यापकों का वेतन देने का दायित्व शासन ने स्वीकार कर लिया है। अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में काम करने वाली महिला कर्मचारियों को राजकीय महिला कर्मचारियों के समतुल्य प्रसूतिका अवकाश प्रदान करने के लिए शासन ने आदेश जारी किया। सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के कर्मचारियों का राजकीय कर्मचारियों के समान ही वेतन तथा मंहगाई भत्ता देने की घोषणा भी की गई। शासन ने यह भी आदेश प्रसारित किया है कि मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापक/अध्यापिका जो सत्र के मध्य में सेवा निवृत्त होने वाले हों उन्हें सत्रान्त तक स्वतः सेवा विस्तरण की सुविधा प्राप्त होगी। संस्कृत अध्यापकों को अंग्रेजी विषय में पास होने तथा प्रशिक्षण के प्रतिबन्ध से मुक्त कर दिया गया। 1 अक्टूबर, 1964 से सेवा निवृत्त जीवित एवं स्थायी कर्मचारियों को 1 नवम्बर, 1972 से अनुग्रह पेंशन देने की स्वीकृति प्रदान की गयी। मान्यता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक संस्थाओं में जे0 टी0 सी0 अथवा बी0 टी0 सी0 वेतन क्रम में काम करने वाले ऐसे अध्यापकों को सी0 टी0 वेतनक्रम में स्वतः पदोन्नति की विशेष सुविधा प्रदान की गई जो इंटर पास ज0 टी0 सी0 बी0 टी0 सी0 हैं तथा 5 वर्ष की सेवा पूरी कर चुके हैं अथवा प्रशिक्षित स्नातक हैं और एक वर्ष की सेवा पूरी कर चुके हैं। अब सहायता प्राप्त शिक्षा संस्थाओं के जिनमें प्राइमरी से डिग्री स्तर तक के विद्यालय हैं—जीवित एवं स्थायी कर्मचारियों को उनके आहरित वेतन के 1/5 भाग के बराबर मासिक अनुग्रह पेंशन दी जायगी जिससे वे आर्थिक संकट से मुक्त रह सकें।

पर्वतीय क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की मांग की पूर्ति हेतु नैनीताल में कुमायूं विश्वविद्यालय तथा श्रीनगर में गढ़वाल विश्वविद्यालय स्थापित किये गये। 15 जनवरी, 1974 से काशी विद्यापीठ को विश्वविद्यालय का स्तर प्रदान किया गया।

अल्प संख्यकों तथा बालिकाओं की शिक्षा के लिये भी आख्यागत वर्ष में प्रभावी कदम उठाये गये। इन महत्वपूर्ण कार्यों के दूरगामी प्रभाव को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि प्रदेश में समान अवसर उपलब्ध करने के लिये और प्रदेश को समाजवाद की दिशा में ले जाने के लिये जो कार्य आख्यागत वर्ष में किये गये उनका प्रभाव अपरिमेय रहेगा।

## अध्याय 2

# प्राथमिक शिक्षा

## (1) पूर्व प्राथमिक (शिशु) शिक्षा

1—प्रदेश में शिशु शिक्षा की जनता द्वारा मांग बराबर हो रही है। इस स्तर की शिक्षा 3 से 6 वर्ष तक की आयुवर्ग के बच्चों को दी जाती है। अधिकांश पूर्व प्राथमिक विद्यालय निजी संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे हैं। कुछ शिक्षा संस्थायें शासन द्वारा भी प्रयोगात्मक रूप से संचालित हो रही हैं। अशासकीय शिशु विद्यालयों को शासन द्वारा यथासंभव आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। वर्ष 1972–73 में 8 विद्यालयों को 41,388 रु0 वचनबद्ध अनुदान, 40 विद्यालयों को 2,54,365 रु0 अनुरक्षण अनुदान और 15 विद्यालयों को 10,000 रु0 अनावर्तक अनुदान स्वीकृत किया गया। वर्ष 1973–74 में 8 विद्यालयों को 48,144 रु0 वचनबद्ध अनुदान, 40 विद्यालयों को 2,62,814 रु0 अनुरक्षण अनुदान तथा 14 असाहाय्यिक विद्यालयों को सहायतार्थ 10,000 रु0 अनावर्तक अनुदान स्वीकृत किया गया।

2—शिशु शिक्षा के लिये प्रशिक्षित अध्यापिकायें सुलभ करने के लिये दो राजकीय एवं 3 अशासकीय शिशु शिक्षण महाविद्यालय हैं जिनमें दो वर्षीय सी0 टी0 नर्सरी पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रति वर्ष 144 अध्यापिकायें प्रशिक्षित की जाती हैं। राजकीय शिशु प्रशिक्षण महिला महाविद्यालय, इलाहाबाद में शिशु शिक्षा में विशिष्टता प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध की गई है।

3—प्रदेश में शिशु शिक्षा की प्रगति निम्नलिखित तालिका से स्पष्ट हो जायगी:—

| वर्ष | | | विद्यालय | छात्र संख्या | अध्यापक संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1950–51 | .. | .. | 6 | 806 | 22 |
| 1971–72* | .. | .. | 266 | 29,800 | 1,572 |

## (2) प्राथमिक शिक्षा

1—भारतीय संविधान के निर्देशक सिद्धांत की 45वीं धारा के अनुसार सार्वभौम एवं निःशुल्क प्रारम्भिक शिक्षा को सर्वसुलभ करने के लिए पंचवर्षीय योजनाओं में प्राइमरी स्कूलों को खोलने तथा छात्रों तथा छात्राओं को इन स्कूलों में प्रविष्ट कराने के लिये अभियान चलाये जाने के फलस्वरूप प्राथमिक शिक्षा में अभूतपूर्व प्रगति हुई। निम्नलिखित तालिका से यह प्रगति स्पष्ट हो जायगी:—

| विवरण | | .. | वर्ष 1945–46 | वर्ष 1972–73* |
|---|---|---|---|---|
| विद्यालय | .. | .. | 19,017 | 63,122 |
| अध्यापक | .. | .. | 40,986 | 2,18,501 |
| छात्र | .. | .. | 13,70,694 | 1,05,30,293 |

*(नोट—वर्ष 1972–73 के आंकड़े अस्थायी हैं।)

2—वर्ष 1972–73 में 110 जूनियर बेसिक स्कूल खोले गये तथा 2,100 अतिरिक्त अध्यापकों की नियुक्ति भी की गयी। शिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार दिलाने की केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत 7,100 अतिरिक्त अध्यापकों की नियुक्ति की गई। 280 स्कूल माताओं की नियुक्ति मिश्रित जूनियर बेसिक स्कूलों में की गई।

वर्ष 1973–74 में 60 जूनियर बेसिक स्कूल खोले गये तथा मिश्रित जूनियर बेसिक स्कूलों में 100 स्कूल माताओं की नियुक्ति की गई। अगस्त, 1973 से 'हाफ ए मिलियन जाब्स' की योजना के अन्तर्गत शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दिलाने हेतु 10,000 अध्यापकों की नियुक्ति की गई, जिसमें 3,823 उर्दू अध्यापक नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक प्राइमरी स्कूल में एक-एक अध्यापक नियुक्त करने के उद्देश्य से रखे गये हैं। नवम्बर, 1973 से 5,000 और अध्यापक इस योजना के अन्तर्गत नियुक्त हुये हैं।

3—जूनियर बेसिक स्कूलों के भवनों की दशा संतोषजनक नहीं है। वर्ष 1972–73 में 51 स्कूल भवनों का सुधार तथा 63 स्कूलों के लिये भवन निर्माण हेतु अनुदान स्वीकृत किया था। वर्ष 1973–74 में 50 स्कूल भवनों के सुधार तथा 60 स्कूल भवनों के निर्माण हेतु अनुदान स्वीकृत किया गया है।

4—मिश्रित जूनियर बेसिक स्कूलों में बालिकाओं के लिए 145 पृथक शौचालयों के निर्माण हेतु वर्ष 1972–73 में अनुदान स्वीकृत किया गया। वर्ष 1973–74 में 100 शौचालायों के निर्माण हेतु अनुदान स्वीकृत किया गया है।

5—असेवित क्षेत्रों में जहां प्राइमरी स्कूल नहीं हैं वहां उत्साही व्यक्तियों को, जो स्वयं विद्यालय खोलकर अध्यापन कार्य करते हैं, वर्ष 1972–73 में 100 स्वावलंबी विद्यालयों को एक मुश्त अनुदान स्वीकृत किया गया। 1973–74 में भी 100 स्वावलंबी विद्यालयों को एकमुश्त अनुदान दिया गया है।

6—शासन का प्रयत्न है कि प्रदेश में अवसर की कमी के कारण कोई बच्चा अपढ़ न रह जाय तथा गरीब एवं पिछड़े वर्ग के बच्चों को शिक्षा की समान सुविधायें प्राप्त हों। इस हेतु काफी संख्या में पुस्तकों का निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

7—बी0टी0सी0 प्रशिक्षण-प्राइमरी स्कूलों को प्रशिक्षित अध्यापक सुलभ करने के लिये प्रदेश में 159 (122 पुरुष तथा 37 महिला) राजकीय दीक्षा विद्यालय हैं। इसके अतिरिक्त 69 (60 पुरुष तथा 9 महिला) मान्यता प्राप्त कक्षायें हैं जो अराजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के साथ संलग्न हैं। राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों और प्रशिक्षण विद्यालयों के साथ (2 पुरुष तथा 19 महिला) बी0 टी0 सी0 यूनिट संलग्न हैं जिनमें बी0टी0सी0 एक वर्षीय पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। सेवारत अप्रशिक्षित अध्यापकों को प्रशिक्षित करने के लिए पुरुषों के 10 तथा 2 महिलाओं के लिए राजकीय सेवारत प्रशिक्षण केंद्र हैं।

8—स्थानीय निकायों से बेसिक शिक्षा परिषद को हस्तांतरित होने के समय बेसिक विद्यालयों में लगभग 18,000 अध्यापक अध्यापिकायें अप्रशिक्षित थीं। इस अवधि में इनको प्रशिक्षित करने का वृहत् कार्यक्रम बनाया गया। उनको तीन वर्गों में अनुभव के आधार पर विभाजित किया गया जो निम्नलिखित है—

(क) 10 वर्ष या उससे अधिक अनुभव वाले अध्यापक/अध्यापिकाओं को "कार्यरत अध्यापक प्रमाण-पत्र परीक्षा" की योजना बनायी गई है जिसके उत्तीर्ण करने पर उन्हें ए0टी0सी0 का प्रमाण-पत्र दिया जायगा।

(ख) पांच वर्ष से अधिक परन्तु 10 वर्ष से कम अनुभव वाले अध्यापक/अध्यापिकाओं को पत्राधारित प्रशिक्षण द्वारा प्रशिक्षित कराया जा रहा है। इनका प्रशिक्षण वर्ष 1974–75 तक समाप्त हो जायगा।

(ग) पांच वर्ष से कम अनुभव वालों को पूर्व बी0टी0सी0 प्रशिक्षण में भेजा गया है।

9--उत्तर प्रदेश में प्रारम्भिक शिक्षा के सुधार हेतु कई दशकों से विचारकों की मांग हो रही थी। प्रारम्भिक शिक्षा के उन्नयन हेतु जुलाई, 1972 से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रारम्भिक शिक्षा का राष्ट्रीयकरण कर दिया गया। प्रारम्भिक शिक्षा के लिए बेसिक शिक्षा राज्य परिषद गठित की गई है।

10--प्राइमरी स्कूलों को अब काफी मात्रा में बाल साहित्य दिया जा रहा है। इससे प्रदेश में जहां एक ओर अच्छे बाल साहित्य की रचना होने लगी है वहां स्कूलों में भी बच्चों के लिये सरल साहित्य उपलब्ध हुआ है।

11--इस स्तर पर विज्ञान शिक्षा कृषि और सरल विज्ञान के रूप में दी जाती हैं। इस सत्र से यूनिसफ तथा एन0सी0ई0 आर0टी0 की सहायता से कक्षा 3 से विज्ञान की शिक्षा नवीनतम पद्धति से प्रारम्भ कर दी गई है। विज्ञान की शिक्षा प्रदान करने हेतु अध्यापकों को सेवारत प्रशिक्षण दिया गया है। यूनिसेफ द्वारा लगभग 7.50 लाख रु0 मूल्य का कागज दिया जा रहा है। जिस पर छपी हुई विज्ञान की पुस्तकों का निःशुल्क वितरण गरीब व पिछड़े वर्ग के बच्चों में किया जा रहा हैं।

12--प्रारम्भिक शिक्षा में गुणात्मक सुधार तथा ह्रास एवं अवरोध पर नये-नये अनुसंधान प्रदेश के राज्य शिक्षा संस्थान द्वारा किये जा रहे हैं।

उपयुंक्त कार्यक्रमों के फलस्वरूप प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में अन्य प्रदेशों की तुलना में उ0 प्र0 की स्थिति सुदृढ़ हुई हैं।

## अध्याय 3

# पूर्व माध्यमिक शिक्षा

1--भारतीय संविधान में यह घोषित किया गया था कि 14 वर्ष तक के बालकों एवं बालिकाओं को सार्वभौम एवं निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना शासन का दायित्व होगा । इस दायित्व के अनुपालनार्थ प्रदेश के असेवित क्षेत्रों में जूनियर बेसिक एवं सीनियर बेसिक स्कूल खोलने पड़े । स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् पूर्व माध्यमिक विद्यालयों, अध्यापकों तथा छात्र संख्या में अभूतपूर्व प्रगति हुई है इसका अनुमान निम्नलिखित तालिका से हो सकेगा--

| विवरण | | 1945-46 | 1972-73* |
|---|---|---|---|
| विद्यालय | .. | 1,676 | 9,363 |
| अध्यापक | .. | 9,861 | 56,241 |
| छात्र संख्या | .. | 2,32,081 | 16,65,810 |

इसके अतिरिक्त प्रदेश के हाई स्कूल तथा इंटर कालेजों के साथ सीनियर बेसिक कक्षाओं में इस स्तर की शिक्षा की व्यवस्था है ।

2--पूर्व माध्यमिक शिक्षा के विस्तार हेतु वर्ष 1972-73 में बालकों के 100 तथा बालिकाओं के 97 सीनियर बेसिक स्कूल खोले गये । 1,010 अतिरिक्त अध्यापकों की नियुक्ति की गई । वर्ष 1973-74 में 30 बालकों के एवं 30 बालिकाओं के सीनियर बेसिक स्कूल खोले गये । 397 अतिरिक्त अध्यापकों की नियुक्ति की गई ।

3--मान्यता प्राप्त गैर सरकारी वित्तीय सहायता न पाने वाले 100 सीनियर बेसिक स्कूलों को वर्ष 1972-73 में अनुदान सूची पर लाया गया । वर्ष 1973-74 में ऐसे 90 विद्यालयों को अनुदान सूची पर लाया गया है ।

4--जहां बालिकाओं के सीनियर बेसिक स्कूल खोलना संभव नहीं है वहां जूनियर बेसिक स्कूलों में क्रमोत्तर कक्षा खोल कर इस स्तर की शिक्षा सुलभ की जाती है । वर्ष 1972-73 में 40 अनुवर्ती कक्षायें खोली गईं । वर्ष 1973-74 में 20 क्रमोत्तर कक्षायें खोलने की व्यवस्था की गई है।

5--निर्धन छात्राओं के लिये इस स्तर के विद्यालयों को पाठ्य पुस्तक पुस्तकालय स्थापना हेतु वर्ष 1972-73 में 87 विद्यालयों को अनुदान दिया गया । वर्ष 1973-74 में भी 87 विद्यालयों को पाठ्य पुस्तक पुस्तकालय स्थापना हेतु अनुदान स्वीकृत किया गया ।

6--पुनर्व्यवस्थित सीनियर बेसिक विद्यालयों में कृषि शिक्षा की व्यवस्था हेतु वर्ष 1972-73 में 10 विद्यालयों को अनुदान स्वीकृत किया गया । वर्ष 1973-74 में भी 10 विद्यालयों को कृषि शिक्षा के विकास के लिये अनुदान स्वीकृत किया गया है ।

7--विज्ञान शिक्षा की बढ़ती हुई मांग को ध्यान में रख कर इस स्तर पर विज्ञान शिक्षा के अध्यापन की सुविधा के लिये वर्ष 1972-73 में 50 विद्यालयों को विज्ञान विषय को पढ़ाने की व्यवस्था हेतु अनुदान स्वीकृत किया गया । वर्ष 1973-74 में 75 विद्यालयों को विज्ञान विषय के अध्यापन हेतु अनुदान स्वीकृत किया गया।

*(नोट--वर्ष 1972-73 के आंकड़े अस्थायी हैं)

8—सीनियर बेसिक स्तर पर प्रशिक्षित करने के लिये प्रशिक्षण संस्थाओं की संख्या निम्नलिखित है:--

| | | पुरुष | महिला |
|---|---|---|---|
| 1--राजकीय जूनियर बेसिक ट्रेनिंग कालेज .. | .. | 4 | – |
| 2--अशासकीय जूनियर बेसिक ट्रेनिंग कालेज .. | .. | 1 | – |
| 3--राजकीय सी0टी0 ट्रेनिंग कालेज .. | .. | – | 3 |
| 4--अशासकीय सी0टी0 ट्रेनिंग कालेज .. | .. | – | 1 |
| 5--राजकीय गृह विज्ञान सी0टी0 ट्रेनिंग कालेज | .. | – | 1 |
| 6--राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय .. | .. | 1 | 1 |
| 7--अशासकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय | .. | 2 | – |
| योग | .. | 8 | 6 |

9--बेसिक शिक्षा के स्तर को उन्नत रखने के लिए इस समय निरीक्षकों एवं निरीक्षिकाओं की संख्या निम्नवत है:--

| निरीक्षक/निरीक्षिका | | | | संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1--जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी | .. | .. | .. | 54 |
| 2--अतिरिक्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (महिला) | | .. | .. | 25 |
| 3--उप विद्यालय निरीक्षक | .. | .. | .. | 54 |
| 4--उप विद्यालय निरीक्षिका | .. | .. | .. | 51 |
| 5--अतिरिक्त उप विद्यालय निरीक्षक | .. | .. | .. | 36 |
| 6--प्रति उप विद्यालय निरीक्षक | .. | .. | .. | 1,089 |
| 7--सहायक बालिका विद्यालय निरीक्षिका | .. | .. | .. | 279 |
| 8--स्टोर कीपर बालाहार योजनान्तर्गत | .. | .. | .. | 18 |

10--शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार दिलाने की योजना के अन्तर्गत नवम्बर, 1973 से 1000 और उर्दू अध्यापक जूनियर हाई स्कूलों में नियुक्त किये गये।

11--शैक्षिक कार्य-क्रम में समाजोपयोगी-श्रम के महत्व को यथा स्थान देने तथा बेसिक शिक्षा के कार्यक्रमों को नई दिशा देने की दृष्टि से प्रदेश के सभी बेसिक विद्यालयों में समाजोपयोगी उत्पादक कार्य को व्यवस्थित ढंग से एक घण्टा प्रतिदिन विद्यालयी कार्यकाल में देकर कराया गया है जिसमें टाट पट्टी बनाना, डेस्क बनाना, सड़क निर्माण का कार्य करना, विद्यालय के भवन निर्माण, मोमबत्ती बनाना तथा अन्य समाजोपयोगी कार्य सम्मिलित किये गये। प्रथम बार लखनऊ में 28 दिसम्बर, 1973 से 1 जनवरी, 1974 तक इन उत्पादक कार्यों की एक प्रदर्शनी आयोजित की गयी जिसमें 53 जनपदों ने भाग लिया। प्रत्येक जनपद के बेसिक विद्यालयों से 100 बालक/बालिकायें, 10 अध्यापक बाल एवं युवक समारोह में सम्मिलित हुए। प्रदर्शनी के साथ-साथ खेल-कूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रतियोगिता आयोजित की गयी जिसमें आये हुये सभी जनपदों ने भाग लिया। उद्देश्य यह है कि बच्चे श्रम के महत्व को समझें, श्रम में रुचि लें उनका शरीर हृष्ट-पुष्ट हो तथा बड़े होने पर सही अर्थ में वे समाजोपयोगी नागरिक बन सकें।

12--शैक्षिक उन्नयन की दिशा में मूल्यांकन में सुधार की दृष्टि से मिनिमा टेस्ट के माध्यम से नियमित मूल्यांकन की व्यवस्था प्रारम्भ की गयी। इससे शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने में बल मिला।

# अध्याय 4

## माध्यमिक शिक्षा

1--1947 में स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की मांग मुखरित हुई। तत्पश्चात प्रदेश में प्रति वर्ष उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई। विद्यालयों की संख्या में वृद्धि के साथ-साथ अध्यापकों एवं छात्रों की संख्या में वृद्धि का अनुमान नीचे की तालिका से किया जा सकता है:--

| वर्ष | | स्कूल | | अध्यापक | | छात्र | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालक | बालिका | पुरुष | महिला | बालक | बालिका |
| 1945–46 | .. | 356 | 86 | 7,398 | 1,417 | 1,56,133 | 23,315 |
| 1972–73* | .. | 3,220 | 625 | 69,579 | 16,486 | 20,06,529 | 5,32,043 |

2--माध्यमिक विद्यालयों की संख्या में वृद्धि एवं इस स्तर की शिक्षा में प्रगति की दिशा में जनता/प्राइवेट संस्थाओं का योगदान प्रशंसनीय रहा है। अशासकीय विद्यालयों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने की दृष्टि से मान्यता प्राप्त विद्यालयों को शासन द्वारा अनुदान देने की नीति अपनाई गई है। वर्ष 1973–74 में 250 विद्यालयों को अनुदान सूची पर लाने का लक्ष्य निर्धारित था किन्तु लक्ष्य पार करके 312 विद्यालयों को अनुदान सूची पर लाया गया।

3--जिन स्थानों पर इस स्तर की शिक्षा का प्रबन्ध नहीं है वहां शासकीय विद्यालय खोल कर तथा राजकीय जूनियर हाई स्कूल को उच्चीकृत करके शिक्षा की व्यवस्था की जाती है। वर्ष 1972–73 में कोई भौतिक लक्ष्य नहीं था परन्तु शासन की स्वीकृति से 8 नये राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों की स्थापना की गई तथा एक बालकों के एवं 12 बालिकाओं के राजकीय जूनियर हाई स्कूलों को हाई स्कूल स्तर तक उच्चीकृत किया गया। वर्ष 1972-73 में 3 राजकीय हाई स्कूलों को इण्टरमीडियेट तक उच्चीकृत करने का लक्ष्य था परन्तु शासन की स्वीकृति के लक्ष्य के विपरीत 7 (3 बालकों के तथा 4 बालिकाओं के) राजकीय स्कूलों को इण्टर स्तर पर उच्चीकृत किया गया। वर्ष 1973-74 में बालक बालिकाओं के राजकीय हाई स्कूल खोलने तथा राजकीय जूनियर हाई स्कूल को हाई स्कूल स्तर पर उच्चीकृत करने का कोई लक्ष्य नहीं था परन्तु शासन ने अपने स्तर पर 3 राजकीय बालक हाई स्कूलों को खोलने तथा 3 राजकीय कन्या जूनियर हाई स्कूलों को हाई स्कूल स्तर पर उच्चीकृत करने की स्वीकृति प्रदान की है। वर्ष 1973-74 में 3 राजकीय हाई स्कूलों को इन्टर स्तर पर उच्चीकृत करने का लक्ष्य था परन्तु शासन की स्वीकृति पर 5 राजकीय कन्या हाई स्कूलों को इन्टर स्तर पर उच्चीकृत किया गया।

4--उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पुस्तकालयों की दशा सुधारने के लिये वर्ष 1972--73 में 35 राजकीय एवं 71 अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। वर्ष 1973--74 में 40 राजकीय तथा 84 अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों को पुस्तकालय सुधार हेतु आर्थिक सहायता प्रदान की गई है।

5--अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में बहुधा क्रीड़ास्थल का अभाव रहता है। इस अभाव को दूर करने के लिये वर्ष 1972--73 में 13 विद्यालयों को क्रीड़ास्थल की व्यवस्था हेतु अनुदान स्वीकृत किया गया था। वर्ष 1973--74 में 10 विद्यालयों को क्रीड़ास्थल की व्यवस्था हेतु अनुदान स्वीकृत किया गया।

*टिप्पणी-- 1972–73 के आंकड़े अस्थायी हैं।

6---अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में जहां छात्र संख्या अधिक है सज्जा, काष्ठोपकरण एवं भवन की कठिनाई का अनुभव हो रहा है। इस कठिनाई को दूर करने के लिये शासन ने आर्थिक सहायता देना निश्चित किया है। वर्ष 1972-73 में 52 विद्यालयों को अतिरिक्त छात्र संख्या हेतु अनुदान स्वीकृत किया गया था। वर्ष 1973-74 में 54 विद्यालयों को यह अनुदान स्वीकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त वर्ष 1972-73 में 15 तथा 1973-74 में 17 राजकीय विद्यालयों को अतिरिक्त छात्र संख्या हेतु सुदृढ़ी किया गया है।

7---विज्ञान शिक्षा की बढ़ती हुई मांग की पूर्ति के लिए विज्ञान प्रयोगशालाओं के निर्माण, वैज्ञानिक उपकरणों का प्रबन्ध और वैज्ञानिक पुस्तकों की व्यवस्था हेतु वर्ष 1972-73 में 42 अशासकीय सहायता प्राप्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को विज्ञान की उन्नति के लिये अनुदान स्वीकृत किया गया। वर्ष 1973-74 में 38 विद्यालयों को यह अनुदान स्वीकृत किया गया। इसके अतिरिक्त वर्ष 1972-74 में 19 राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में विज्ञान अध्यापन की सुविधायें प्रदान की गई।

8---बालकों के विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए विशेष सुविधा प्रदान करने हेतु वर्ष 1972-73 में 18 तथा वर्ष 1973-74 में 20 विद्यालयों को अनुदान दिया गया।

9---बालिका विद्यालयों को बसों की व्यवस्था हेतु वर्ष 1972-73 में 5 राजकीय तथा 5 अशासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को अनुदान स्वीकृत किया गया। वर्ष 1973-74 में 5 अशासकीय बालिका विद्यालयों को बसों के क्रय हेतु अनुदान स्वीकृत किया गया।

10---माध्यमिक शिक्षा की उचित देखभाल के लिए इस समय मण्डलीय एवं जिला स्तर पर अधिकारियों की संख्या निम्नलिखित है---

| अधिकारी | संख्या |
|---|---|
| 1---मण्डलीय उप शिक्षा निदेशक .. .. .. | 11 |
| 2---मण्डलीय बालिका विद्यालय निरीक्षिका .. .. | 10 |
| 3---विज्ञान प्रगति अधिकारी .. .. .. | 11 |
| 4---जिला विद्यालय निरीक्षक श्रेणी-1 .. .. | 35 |
| 5---जिला विद्यालय निरीक्षक श्रेणी-2 .. .. | 19 |
| 6---सह जिला विद्यालय निरीक्षक .. .. .. | 25 |
| 7---जिला बालिका विद्यालय निरीक्षिका .. .. | 4 |

11---निर्धन एवं मेधावी छात्रों की सुविधा के लिए उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पाठ्य पुस्तक पुस्तकालयों की व्यवस्था हेतु वर्ष 1972-73 में 77 विद्यालयों के स्थान पर 66 विद्यालयों को अनुदान स्वीकृत किया गया। वर्ष 1973-74 में 87 विद्यालयों में पाठ्य पुस्तक पुस्तकालय की व्यवस्था हेतु अनुदान दिया गया।

12---छात्रवृत्तियां एवं अन्य आर्थिक सहायतायें---माध्यमिक शिक्षा के लिए निर्धन एवं मेधावी छात्रों एवं छात्राओं को प्रोत्साहन प्रदान करने तथा अध्ययन हेतु विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियां एवं अन्य आर्थिक सहायता आयोजनेतर बजट से दी जाती है। इसके अतिरिक्त ऋण छात्रवृत्तियां तथा राष्ट्रीय ऋण छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाती है। आयोजनागत बजट में 15 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रदेश के चुन हुए विद्यालयों में अध्ययन हेतु आर्थिक

सहायता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त कक्षा 9--12 में अतिरिक्त मेरिट छात्रवृत्तियां देने की व्यवस्था की गई है।

13--उत्तम अनुशासन तथा परीक्षाफल के लिए अशासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को दक्षता अनुदान दिया जाता है। वर्ष 1972-73 में 60 विद्यालयों को दक्षता अनुदान दिया गया। वर्ष 1973-74 में 60 विद्यालयों को अनुदान दिया गया।

14--अध्यापक प्रशिक्षण--इस स्तर पर प्रशिक्षित अध्यापक सुलभ करने के लिए इस समय प्रदेश में चार राजकीय तथा 8 अशासकीय एल0टी0 प्रशिक्षण महाविद्यालय हैं। इनमें से एक राजकीय तथा एक अशासकीय एल0टी0 प्रशिक्षण महाविद्यालय महिलाओं के लिए है। पुरुषों के अशासकीय एल0टी0 प्रशिक्षण महाविद्यालयों में भी महिला अभ्यर्थियों का प्रवेश होता है। इसके अतिरिक्त राजकीय बेसिक ट्रेनिंग कालेज, वाराणसी में 50 प्रतिशत स्थान महिलाओं के लिए प्रवेशार्थ निर्धारित है। वर्ष 1973 की एल0टी0 परीक्षा का विवरण निम्नवत है--

| परीक्षा | पंजीकृत | | सम्मिलित | | उत्तीर्ण | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरुष | महिला | पुरुष | महिला | पुरुष | महिला |
| एल0टी0 (सामान्य) | 715 | 446 | 689 | 437 | 567 | 367 |
| एल0टी0 (रचनात्मक) | 154 | 44 | 143 | 44 | 126 | 41 |
| एल0टी0 (बेसिक) | 84 | 50 | 84 | 48 | 69 | 26 |
| एल0टी0 (हिन्दी) | 6 | -- | 3 | -- | 3 | -- |

वर्ष 1973 के ग्रीष्मावकाश में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान विषयों में शिक्षण प्रशिक्षण हेतु क्रैश प्रोग्राम के अन्तर्गत कार्यशालायें आयोजित की गई और हाई स्कूल के शिक्षकों के लिए इन चार विषयों में शिक्षक निर्देशिका तैयार कराई गई।

15--माध्यमिक विद्यालयों के अध्यापकों को अपनी अर्हतायें बढ़ाने के लिये प्रोत्साहन हेतु वर्ष 1972-73 में 28 अध्यापकों को 33,000 रु0 दक्षता पुरस्कार प्रदान किया गया। वर्ष 1973-74 में 47 अध्यापकों/अध्यापिकाओं को अपनी योग्यता बढ़ाने के लिये प्रोत्साहन हेतु दक्षता पुरस्कार प्रदान किया गया।

माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षाओं से सम्बन्धित विभिन्न कार्यों के पारिश्रमिक की दरें बढ़ाई गयीं।

16--उत्तर प्रदेश वेतन आयोग 1971-73 की संस्तुतियों को सार रूप में स्वीकार करते हुये शासन ने राज्य निधि से सहायता प्राप्त करने वाले उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों (हाई स्कूलों तथा इंटरमीडिएट कालेजों) के शिक्षकों तथा शिक्षणेतर कर्मचारियों को 1-8-1972 से वही वेतनमान प्रदान कर दिये जो वेतन आयोग ने अपने प्रतिवेदन में इन शिक्षकों तथा शिक्षणेतर कर्मचारियों के लिये संस्तुत किये थे। इसके पश्चात शासन ने यह निर्णय किया कि 1-11-1973 से इन शिक्षकों तथा शिक्षणेतर कर्मचारियों को वही वेतनमान दे दिये जांय जो समकक्षीय राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों तथा शिक्षणेतर कर्मचारियों को अनुमन्य हैं। अब साहय्यिक तथा राजकीय दोनों ही प्रकार के उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों (हाई स्कूलों तथा इंटर मीडिएट कालेजों) के शिक्षकों को समान वेतनमान तथा समान दर पर मंहगाई भत्ता अनुमन्य है।

17--अनुग्रह पेन्शन--शासन ने राजाज्ञा संख्या 9/1/47/पन्द्रह--2007 (8)-1972, दिनांक 28 अप्रैल, 1973 द्वारा लाभत्री योजना के अधीन सहायता प्राप्त शिक्षा संस्थाओं के

1 अक्टूबर, 1964 के पूर्व सेवा निवृत्त, जीवित एवं स्थायी अध्यापकों तथा अन्य कर्मचारियों को उनके आहरित वेतन के 1/5 भाग के बराबर मासिक अनुग्रह पेन्शन 1 नवम्बर, 1972 से देने की स्वीकृति प्रदान की है ताकि उनके आर्थिक संकट का कुछ सीमा तक निवारण हो सके। इसके लिए शासन ने वर्ष 1973-74 में 10,000 रु0 अग्रिम लिए जाने की स्वीकृति प्रदान की है।

18--वेतन वितरण अधिनियम--सहायता प्राप्त हाई स्कूलों तथा इन्टर कालेजों के अध्यापकों एवं कर्मचारियों के वेतन वितरण के लिए जनवरी, 1971 में अध्यादेश जारी किया गया था। इस अध्यादेश के कार्यान्वियन में जो त्रुटियां पाई गई उनको दूर करके अगस्त, 1971 में वेतन वितरण अधिनियम, 1971 पारित किया गया। इस अधिनियम द्वारा सहायता प्राप्त विद्यालयों के अध्यापकों को समय से वेतन वितरण की व्यवस्था की गई है जिससे अध्यापकों में व्याप्त असंतोष दूर हो गया है।

19--गैर सरकारी संस्थाओं की अध्यापिकाओं को राजकीय अध्यापिकाओं की भांति प्रसूति का अवकाश स्वीकार किये जाने के आदेश निर्गत कर दिये गये हैं।

20--यूनिसेफ की एक योजना के अन्तर्गत राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, उ0 प्र0 इलाहाबाद के तत्वाधान में माध्यमिक, जूनियर हाई स्कूल एवं प्राइमरी स्कूलों के अध्यापकों के प्रशिक्षण का त्वरित प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया जिसके अधीन लगभग 1,000 अध्यापक प्रशिक्षित किये जा चुके हैं।

21--माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा के लिए विनियम संशोधन (क) अध्याय, बारह-एक नवीन विनियम निम्नवत रुप में सम्मिलित किया गया--

"34--(क) 1971 के भारत पाकिस्तान युद्ध में प्राण न्योछावर करने वाले भारतीय जवानों की विधवाओं को स्वावलम्बी बनाने का अवसर प्रदान करने की दृष्टि से कक्षा 8 अथवा उसके समकक्ष कोई परीक्षा उत्तीर्ण किये बिना ही सन् 1972 की परीक्षा से पांच वर्ष तक हाई स्कूल परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति विनियम 10 (1) (क) 1 अध्याय 12 क अन्तर्गत प्रतिबन्ध को शिथिल करके प्रदान की जाती है।

22--माध्यमिक शिक्षा परिषद् की 1974 के परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या निम्नवत हो जाने का अनुमान है--

| | | | | रु0 |
|---|---|---|---|---|
| 1--हाई स्कूल परीक्षा | .. | .. | .. | 7,00,000 |
| 2--इन्टरमीडियेट परीक्षा | .. | .. | .. | 4,00,000 |

23--माध्यमिक शिक्षा परिषद का विकेन्द्रीकरण--परिषद के कार्यभार में वृद्धि हो जाने के कारण परिषद के विकेन्द्रीकरण की आवश्यकता पड़ी। फरवरी, 1972 से मेरठ में परिषद उप कार्यालय की स्थापना की गई है जिसमें मेरठ तथा आगरा मण्डल के सभी जिलों की परीक्षा एवं मान्यता सम्बन्धी कार्य हो रहा है।

24--माध्यमिक शिक्षा का राष्ट्रीयकरण--विगत कई वर्षों से अधिकांश शिक्षाविदों एवं अध्यापकों की यह राय रही है कि माध्यमिक विद्यालयों को राज्य अपने हाथ में ले ले ताकि इनकी वित्तीय कठिनाइयों का निराकरण हो सके तथा अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को भी वांछित लाभ हो सके। शासन ने सिद्धान्त रुप से इस मांग को स्वीकार कर लिया है और इसके क्रियान्वयन के लिये शासन ने एक उच्चस्तरीय समिति गठित कर दी है जिसमें सभी सम्बन्धित पक्षों के प्रतिनिधि है।

25--प्रदेश के 180 राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्याल ों में त्रिभाषा सत्र के अन्तर्गत उर्दू की शिक्षा की व्यवस्था हेतु प्रत्येक विद्यालय के लिये एक अध्यापक/अध्यापिका की दर से नियुक्ति

हेतु शासन द्वारा वर्ष 1973-74 में निम्नलिखित अस्थायी पदों के सृजित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है:—

| पदनाम | | संख्या | वेतन-क्रम |
|---|---|---|---|
| | | | रु0 |
| 1—सहायक अध्यापक (उर्दू) | .. | 75 | 250-425 |
| 2—सहायक अध्यापिका (उर्दू) | .. | 105 | 250-425 |

26—माध्यमिक शिक्षा के व्यवसायीकरण हेतु सर्वेक्षण—माध्यमिक शिक्षा के व्यवसायीकरण के लिए एक अग्रगामी परियोजना सुल्तानपुर जिले में चलायी जा रही है। सर्वेक्षण का कार्य सह प्रोजेक्ट अधिकारी की देखभाल में अन्तिम चरण का कार्य पूर्ण किया जा रहा है। सुल्तानपुर जनपद की इस योजना के क्रियान्वयन के लिये शासन द्वारा इस वर्ष 80,000 रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई।

27—माध्यमिक शिक्षा परिषद् की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं के पाठ्क्रम एवं परीक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये गये। गणित एवं विज्ञान के पाठ्यक्रम को आधुनिकतम बनाने का निश्चय किया। हाई स्कूल परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं के केन्द्रीय मूल्यांकन की व्यवस्था की गई।

# अध्याय–5

## उच्च शिक्षा

1—भारत की स्वतंत्रता के पश्चात उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालयों और डिग्री कालेजों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। इस वृद्धि का अनुमान नीचे की तालिका से हो सकेगा :—

| विवरण | | | विश्वविद्यालय | | डिग्री कालेज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1945-46 | 1971-72 | 1945-46 | 1971-72 |
| संख्या | .. | .. | 5 | 11 | 12 | 263 |
| छात्र संख्या | .. | .. | 10,335 | 58,657 | 18,428 | 1,48,467 |
| अध्यापक | .. | .. | 895 | 3,996 | 448 | 7,275 |

2—ग्यारह विश्वविद्यालयों में एक रुड़की स्थित इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय एक पन्तनगर (नैनीताल) स्थित कृषि विश्वविद्यालय तथा एक वाराणसी स्थित संस्कृत विश्वविद्यालय है। शेष 8 विश्वविद्यालय लखनऊ, आगरा, इलाहाबाद, वाराणसी, गोरखपुर, अलीगढ़, कानपुर तथा मेरठ में है।

3—प्रदेश के पर्वतीय अंचलों में कुमाऊं तथा गढ़वाल मंडलों में दो विश्वविद्यालय 1 दिसम्बर, 1973 से स्थापित किये गये है।

4—प्रदेश में इस समय राजकीय डिग्री कालेजों की संख्या 18 है। इसमें से 12 राजकीय डिग्री कालेजों की स्थापना चतुर्थ पंचवर्षीय योजना काल में की गई है। वर्ष 1969-70 में कला संकाय से एक-एक राजकीय डिग्री कालेज टेहरी एवं उत्तरकाशी में खोला गया। इसके अतिरिक्त राजकीय महाविद्यालय उत्तरकाशी में बी0 एड0 कक्षायें भी प्रारम्भ की गई। राजकीय रजा डिग्री कालेज रामपुर में पांच अतिरिक्त विषयों मे स्नातकोत्तर कक्षायें तथा बी0 ए0 में संस्कृत विषय प्रारम्भ किया गया। राजकीय महाविद्यालय ज्ञानपुर (वाराणसी) में एम0 एस0-सी0 (भौतिक तथा रसायन विज्ञान) कक्षाओं में 15 छात्रों के लिये अतिरिक्त अनुभाग खोला गया। वर्ष 1971–72 में कला संकाय से राजकीय डिग्री कालेज, पौड़ी (गढ़वाल) तथा कोटद्वार गढ़वाल में खोला गया। राजकीय डिग्री कालेज, श्रीनगर (गढ़वाल) तथा पिथौरागढ़ में जुलाई, 1971 से एम0ए0 तथा एम0 एस-सी0 कक्षायें प्रारम्भ की गई। वर्ष 1972-73 में राजकीय महा विद्यालय जखनी (वाराणणी) जैहरीखाल (लैन्स डाउन) में जुलाई, 1972 मे खोला गया। राजकीय महाविद्यालय जखनीं (वाराणसी) मे कला विज्ञान तथा कृषि संकाय में और जैहरी खाल (लैन्स डाउन) में केवल विज्ञान संकाय में कक्षायें प्रारम्भ की गयीं। राजकीय महाविद्यालय श्री नगर (गढ़वाल) में बी0 एड0 कक्षायें प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की गयी। जुलाई 1972 से राजकीय डिग्री कालेज पौड़ी (गढ़वाल) गोपेश्वर (चमोली) में विज्ञान संकाय से कक्षायें प्रारम्भ की गई। डिग्री कालेज अल्मोड़ा का जुलाई 1972 से प्रान्तीय करण किया गया। इस महाविद्यालय में स्नातकोत्तर स्तर तक कला, विज्ञान एवं वाणिज्य विषयों की शिक्षा दी जाती है। वर्ष 1973–74 मे ऋषिकेश (देहरादून), दुध्धी (मिर्जापुर) रानीं खेत (अल्मोड़ा) तथा वाराणसी (चन्दौसी) में राजकीय महाविद्यालय जुलाई, 1973 से खोले गये। राधे हरि महाविद्यालय काशीपुर (नैनीताल) का

1–7–73 से प्रान्तीयकरण किया गया। राजकीय महाविद्यालय टेहरी में बी0 एड0 एवं विज्ञान कक्षायें खोलने की अनुमति 1973–74 में प्रदान हुई है। वर्ष 1973–74 में राजकीय महाविद्यालय श्रीनगर (गढ़वाल) में एम0 एड0 कक्षायें तथा वाटनीं, जुलोजी स्नातकोत्तर स्तर तक पढ़ाने के संबन्ध में आदेश प्रसारित कर दिये गये हैं।

5—चतुर्थ पंचवर्षीय योजना काल के प्रथम चार वर्षों में 38 अशासकीय महाविद्यालयों को अनुदान सूची पर लाया जा चुका है। वर्ष 1973–74 में 14 अशासकीय उपाधि महाविद्यालयों को अनुदान सूची पर लाया गया है।

6—प्रदेश के चुने हुये डिग्री कालेजों को योग्यता अनुदान स्वीकृत किया जाता है। इस वर्ष 10 उपाधि महाविद्यालयों को 75,000 रुपया योग्यता अनुदान स्वीकृत किया गया है।

7—चतुर्थ पंच वर्षीय योजना में उपाधि महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा अधीक्षकों की नियुक्ति हेतु अनुदान स्वीकृत किया जाता है। वर्ष 1973–74 में 10 महाविद्यालयों में शारीरिक शिक्षा अधीक्षकों की नियुक्ति हेतु अनुदान स्वीकार किया गया है।

8—उच्च शिक्षा के विकास के लिये विश्वविद्यालयों एवं डिग्री कालेजों को विकास अनुदान स्वीकृत किया जाता है।

9—विश्वविद्यालयों तथा डिग्री कालेजों से संबन्धित उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय विधेयक विधान परिषद् द्वारा मई 1973 में पारित किया गया था। तत्पश्चात् विधेयक को उ0 प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अध्यादेश 1973 के रुप में 12 जून, 1973 को प्रख्यापित किया गया। यह अध्यादेश अब उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (राष्ट्रपति अधिनियम संख्या 10, 1973) के रुप में कतिपय विश्वविद्यालयों से संबन्धित विधि का संशोधन और समेकन करने के लिये उत्तर प्रदेश असाधारण गजट दिनांक 2 सितम्बर, 1973 को प्रकाशित किया गया है। उपर्युक्त अधिनियम द्वारा काशी विद्यापीठ वाराणसी को 15 जनवरी, 1974 से विश्वविद्यालय का स्तर प्राप्त हो गया है। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय, सहारनपुर के यूनिवर्सिटी जैसी संस्था (इन्स्टीट्यूशन डीम्ड एज यूनिवर्सिटी) के स्तर के प्राप्त हो चुका है। इस अधिनियम के द्वारा बी0 ए0, बी0 काम0, एम0 काम परीक्षा में व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रुप में सम्मिलित होने की सुविधा सुलभ की गई है। जिससे हर वर्ग के छात्र लाभान्वित होंगे।

10—विश्वविद्यालयों के हिन्दी के माध्यम से अध्यापन के लिये जनता की मांग कई वर्षों से हो रही थी। हिन्दी में उच्च शिक्षा के लिये उच्चस्तर की पाठ्य पुस्तकों के अभाव के कारण हिन्दी के माध्यम से विश्वविद्यालयों में अध्यापन कार्य सम्भव नहीं हो रहा था। अतः विश्वविद्यालयों में हिन्दी के माध्यम से अध्यापन का मार्ग प्रशस्त करने के लिये विश्वविद्यालय स्तर की पाठ्यपुस्तकों की रचना तथा अनुवाद हिन्दी में करने की व्यवस्था हेतु चतुर्थ योजना के प्रथम वर्ष में हिन्दी ग्रंथ अकादमी स्थापित की गई है।

11—इलाहाबाद, लखनऊ, गोरखपुर, विश्वविद्यालयों में सहकारी वाचनालय खोले गये हैं। सहकारी वाचनालय से पूरे सत्र के लिये पाठ्यपुस्तक देने के लिये व्यवस्था की जाती है इससे निर्धन एवं मेधावी छात्रों को अत्यधिक लाभ पहुंचा है।

12—विश्वविद्यालयों के छात्रों की सेवायोजन सम्बन्धी सूचना सुलभ करने के लिये छात्र सेवा योजन ब्यूरो स्थापित किये गये हैं। छात्रों की समस्याओं तथा उनमें अनुशासन का स्तर उच्च रखने के लिये विश्वविद्यालय तथा डिग्री कालेजों में छात्रों के कल्याण हेतु छात्र कल्याण अधिष्ठाता के पद सृजित किये गये हैं। जिन पर अनुभवी एवं प्रतिष्ठित प्रोफेसर नियुक्त किये जाते हैं।

13—विश्वविद्यालयों एवं डिग्री कालेजों के प्रतिभाशाली एवं परिश्रमी छात्रों को प्रोत्साहन देने तथा उनकी शिक्षा में व्यवधान दूर करने के लिये विभिन्न प्रकार की छात्रवृत्तियां और ऋण छात्रवृत्तियां प्रदान की जाती है। निर्धन छात्रों की सुविधा के लिय अन्य आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।

# अध्याय–6

## विविध

1--संस्कृत शिक्षा—संस्कृत शिक्षा के उत्थान के लिए पाठशालाओं के विकास हेतु शासन ने पहले की अपेक्षा अनुदान में अधिक वृद्धि की है। वर्ष 1960-61 की अपेक्षा 1972-73 में सहायता प्राप्त पाठशालाओं की संख्या क्रमशः 635 से बढ़कर 830 हो गयी। वर्ष 1972-73 में इन विद्यालयों को लगभग 54 लाख रुपया नान प्लान बजट के अन्तर्गत अनुरक्षण अनुदान दिया गया। प्लान योजना के अन्तर्गत 12 विद्यालयों को प्रारम्भिक अनुदान तथा 41 विद्यालयों को भवन, सज्जा तथा पुस्तकालय अनुदान स्वीकृत किया गया। वर्ष 1972-73 में 75 संस्कृत के विद्वानों को 84,540 रुपए की धनराशि प्रदान की गई। एक संस्कृत विद्वान को राज्य पुरस्कार तथा एक संस्कृत विद्वान को राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ।

संस्कृत शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के निमित्त प्लान योजनान्तर्गत 2 क्षेत्रीय सहायक निरीक्षक तथा मुख्यालय पर उप शिक्षा निदेशक संस्कृत की नियुक्ति की गयी।

2--अरबी, फारसी शिक्षा—प्रदेश में अरबी-फारसी मदरसों की संख्या जिन्हें सरकार से सहायता मिलती है 123 हैं। वर्ष 1972-73 में 6 मदरसों को मान्यता प्रदान की गयी और 2 मदरसों को प्रारम्भिक अनुदान दिया गया। इन मदरसों को अनुरक्षण अनुदान तदर्थ वेतन वृद्धि और अन्तरिम सहायता भी प्रदान की गयी है। वर्ष 1972-73 में मदरसों की शिक्षा के विस्तार हेतु 10 मदरसों को पुस्तकालय अनुदान 7 मदरसों को सज्जा अनुदान तथा 5 को भवन अनुदान दिया गया है।

अरबी, फारसी की 5 परीक्षायें होती हैं। इन परीक्षाओं के लिये एक बोर्ड है। बोर्ड ही आवश्यकतानुसार पाठ्यक्रम में सुधार करता है। मदरसों की देख-रेख के लिये एक निरीक्षक है जो अरबी, फारसी, परीक्षाओं के रजिस्ट्रार भी हैं और उर्दू माध्यम विद्यालयों के भी निरीक्षक हैं। वर्ष 1973 की परीक्षाओं में कुल 1,092 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए जिनमें से 656 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

3--आंग्लि भारतीय शिक्षा--प्रदेश में 55 आंग्ल भारतीय विद्यालय हैं इनमें से एक शिक्षक प्रशिक्षण विद्यालय हैं। इन विद्यालयों में शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी है। इनके पाठ्य-क्रम में हिन्दी, संस्कृत तथा भारतीय इतिहास वैकल्पिक विषय के रूप में पढ़ाये जाते हैं। कुछ विद्यालयों की परीक्षा कौंसिल फार इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट इक्जामिनेशन, नई दिल्ली द्वारा संचालित होती है। कुछ विद्यालयों को माध्यमिक शिक्षा परिषद् द्वारा मान्यता प्रदान की गयी है। जनपद नैनीताल के जिला विद्यालय निरीक्षक इन विद्यालयों के भी निरीक्षक हैं।

4—सामाजिक शिक्षा--(क) शिक्षा प्रसार विभाग--इस विभाग द्वारा प्रौढ़ शिक्षा का कार्य समाज शिक्षा और श्रव्यदृश्य शिक्षा दो भागों में हो रहा है। साक्षरता बनाये रखने एवं नये ज्ञान को जन-जन तक पहुंचने के उद्देश्य से प्रदेश के ग्रामीण अंचलों में 1,400 राजकीय शिक्षा प्रसार पुस्तकालय तथा 3,600 ग्रामीण वाचनालय चलाये जा रहे हैं। जहां राजकीय ग्रामीण पुस्तकालय नहीं हैं वर्ष 1972-73 में प्रदेश के 5 जनपदों के 12 प्राइवेट पुस्तकालयों को रुपया 984 अनुदान उप विद्यालय निरीक्षकों की संस्तुतियों पर दिया गया। सामाजिक शिक्षा के कार्यक्रम को सम्पादित करने के लिये चार सचल दल कार्यरत हैं तथा 'नवज्योति' नामक मासिक पत्रिका को प्रकाशित कर निःशुल्क ग्रामीण पुस्तकालयों को भेजी जाती है। नव-साक्षरोपयोगी साहित्य के अन्तर्गत 1972-73 में तीन पुस्तकों (1--बाबा शेख फरीद, 2—शिक्षा प्रद लोक कथायें,

3--रानी रूपमती) की पांडुलिपियां तैयार की गयी। चलचित्र निर्माण केन्द्र द्वारा अब तक 144 फिल्मों का निर्माण किया गया। वर्ष 1972-73 में 4 फिल्में पूर्ण हुई प्रदेश की शैक्षिक संस्थाओं शासकीय विभागों एवं निजी संगठनों को चल चित्र उधार दिये जाते हैं। इसके अतिरिक्त श्रव्य दृश्य प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा अध्यापक/अध्यापिकाओं को श्रव्य दृश्य शिक्षा प्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से प्रशिक्षण की व्यवस्था है। वर्ष 1972-73 में 28 अध्यापकों को प्रशिक्षित किया गया।

(ख) राजकीय केन्द्रीय पुस्तकालय--जनपद इलाहाबाद में सन् 1949 में स्थापित किया गया। मार्च, 1973 तक इस पुस्तकालय में संग्रहीत 39,118 पुस्तकें थीं। तथा 3,003 ग्रहीता हो चुके थे। जिला पुस्तकालयों में ग्रहीताओं की संख्या 6,500 व संग्रहीत पुस्तकों की संख्या 75,500 हो चुकी थी। वर्ष 1972-73 से योजनान्तर्गत 1 वांगमय सूची (बांगला देश) व तीन त्रैमासिक सूची का प्रकाशन किया जा चुका है।

5--दक्षिण भारतीय भाषाओं की शिक्षा--भावात्मक एवं राष्ट्रीय एकता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से दक्षिण भारतीय भाषाओं के शिक्षण की योजनान्तर्गत 1973-74 के आयोजनेत्तर बजट से लगभग 1,40,000 रुपए व्यय किये गये। मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी, लखनऊ द्वारा संचालित दक्षिण भारतीय भाषाओं (तामिल तथा तेलगू) का उच्च अध्ययन चल रहा है। भारत सरकार तथा प्रदेशीय शासन द्वारा प्रदान की गई आर्थिक सहायता से कन्नड़ तथा मलयालम भाषाओं की कक्षायें जनवरी, 1970 से चल रही हैं। परीक्षार्थियों का चतुर्थ बैच वर्ष 1974 की परीक्षा में सम्मिलित हुआ।

दक्षिण भारतीय भाषाओं के शिक्षण हेतु गैर सरकारी संस्थाओं को अनुदान दिये जाने की योजना के अन्तर्गत 1973-74 में मलयालम शिक्षण केन्द्र दोहरी घाट, आजमगढ़ को अनुदान स्वीकृत किया गया।

6--मनोविज्ञानशाला--मनोविज्ञानशाला, उत्तर प्रदेश द्वारा निम्नलिखित कार्य किये जाते हैं:--

(अ) निर्देशन, (ब) प्रशिक्षण, (स) चयन, (द) शोध (य) प्रकाशन तथा (र) व्यवसायिक सूचनाओं का प्रसारण। इन कार्यों के अन्तर्गत वर्ष 1972-73 में निम्नांकित कार्य किया गया--

(अ) निर्देशन (1)

| | पंजीकृत संख्या | परीक्षित संख्या | आख्या प्रेषित |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| शैक्षिक .. .. .. | 111 | 92 | 79 |
| शैक्षिक व्यावसायिक .. .. | 50 | 17 | 16 |
| वैयक्तिक .. .. .. | 79 | 36 | 30 |
| योग .. | 240 | 145 | 125 |
| (2) बाल निर्देशन | | | |
| सामान्य .. .. .. | 61 | 39 | 37 |
| समस्यात्मक .. .. .. | 37 | 22 | 22 |
| मन्दबुद्धि .. .. .. | 9 | 5 | 6 |
| योग .. | 107 | 66 | 65 |

(3) सामूहिक निर्देशन---प्रदेश के 9 विद्यालयों में सामूहिक निर्देशन कार्य सम्पन्न किया गया।

(ब) प्रशिक्षण---कैरियर मास्टरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश के इन्टर कालेजों के मनोविज्ञान का शिक्षा शास्त्र के चुने हुये सहायक अध्यापकों की दो बैचों में तीन-तीन मास का प्रशिक्षण दिया गया। 44 अध्यापकों में से 42 को सफलता प्राप्त हुई।

(स) चयन---(1) प्रदेश के विभिन्न राजकीय शिक्षण प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश हेतु 6,530 अभ्यर्थियों के लिये सामान्य बुद्धि परीक्षण, सामान्य ज्ञान एवं हिन्दी योग्यता परीक्षण तैयार किया गया साथ ही साथ इनकी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी किया गया।

(2) अशासकीय विद्यालयों में आयु वर्ग 9---11 के छात्रों के प्रवेश के लिये भारत सरकार छात्रवृत्तियां चयन परीक्षा का सम्पादन कर 283 छात्रों को चुन कर उनका नाम भारत सरकार को अन्तिम परीक्षा के लिये भेजा गया।

(3) सैनिक स्कूल में प्रवेशार्थ, 4 इंटर कालेजों में कक्षा 9 के विज्ञान वर्ग चयन हेतु तथा स्थानीय राजकीय इन्टर कालेज में कक्षा 6 में प्रवेश के लिये मनोवैज्ञानिक परीक्षण देकर प्रधानाचार्यों को सहायता प्रदान की गयी।

(द) शोध कार्य---(1) विगत 25 वर्षों में वैयक्तिक निर्देशन से सम्बद्ध चार मुख्य मनोवैज्ञानिक परीक्षणों पर डेटा को आयु एवं कक्षा के आधार पर आंकड़े छांट कर उनका वर्गीकरण किया गया तथा फ्रीक्वेंसी डिस्ट्रीब्यूशन तैयार किया गया।

(2) मिनेसोटा पेपर फार्म बोर्ड सीरीज 'ए' पर 377 कक्षा 8 छात्रों के परीक्षण से उपलब्ध कोर्स के आधार पर नार्म्स बनाये गये तथा उनका उपयोग भी किया जा रहा है।

(य) प्रकाशन---मनोविज्ञानशाला में नैत्यिक कार्यों में प्रयुक्त होने वाली मनोवैज्ञानिक परीक्षण सामग्री को प्रकाशित कराया गया।

| योग | 358 | .. | 567 | 851 | 705 | 836 | 667 | 762 |
| जे0टी0सी0 कालेज (दो वर्ष)-- | | | | | | | | |
| पुरुष .. | .. | 15166 | 1361 | 2350 | 2225 | .. | .. | .. |
| महिला .. | .. | 639 | 106 | 341 | 787 | .. | .. | .. |
| योग .. | .. | 15805(ज) | 3467 | 2691 | 3010(क) | .. | .. | .. |
| नार्मल स्कूल (दो वर्ष)-- | | | | | | | | |
| पुरुष .. | 1410 | .. | 3773 | 9569 | 16205 | .. | .. | .. |
| महिला .. | 639 | .. | 567 | 1314 | 4210 | .. | .. | .. |
| योग .. | 2049(य) | .. | 4340 | 10880 | 20415(ख) | .. | .. | .. |
| बी0टी0सी0 (एक वर्ष)-- | | | | | | | | |
| पुरुष .. | .. | .. | .. | .. | .. | 17946 | 22789 | 21704 |
| महिला .. | .. | .. | .. | .. | .. | 6589 | 7027 | 7956 |
| योग | .. | .. | .. | .. | .. | 24535 | 29816 | 29660 |

(ज) इनमें नार्मल स्कूल के छात्र भी सम्मिलित हैं।
(ल) इन में सी0 टी0 के छात्र भी सम्मिलित हैं।
(य) इस संख्या में 552 लड़के 171 लड़कियां बी0 टी0 सी0 कोर्स भी सम्मिलित हैं।
*आंकड़े अस्थायी हैं।
(क) इस संख्या में जी0 टी0 सी0 यूनिट्स के छात्रों की संख्या ही सम्मिलित है।
(ख) इस संख्या में एच0टी0सी0 यूनिट्स के छात्रों की संख्या भी सम्मिलित है।

## सारणी–16

### प्रशिक्षण संस्थाय एवं सम्बद्ध प्रशिक्षण कक्षायें उत्तीर्ण होने वाले छात्राध्यापकों और छात्राध्यापिकाओं की संख्या

| | 1945-46 | 1950-51 | 1955-56 | 1960-61 | 1965-66 | 1968-69 | 1971-72* | 1972-73* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| एल0टी0, बी0टी0 तथा बी0 एड0 (एक वर्ष) .. | | | | | | | | |
| पुरुष .. | 249 | 880 | 1,386 | 3,032 | 3,222 | 4,234 | 853(क) | 765(क) |
| महिला .. | 75 | 208 | 511 | 977 | 1,735 | 2,122 | 416(क) | 434(क) |
| योग .. | 324 | 1,088 | 1,897 | 4,009 | 4,957 | 6,356 | 1269(क) | 1199(क) |
| एम0एड0 (1 वर्ष)— | | | | | | | | |
| पुरुष .. | 3 | 58 | 36 | 74 | 92 | 94 | (–) | (–) |
| महिला .. | 1 | 25 | 42 | 42 | 66 | 81 | (–) | (–) |
| योग .. | 4 | 83 | 78 | 116 | 158 | 175 | (–) | (–) |
| जे0बी0टी0सी0 (2वर्ष)— (सी0टी0 स्तर) | | | | | | | | |
| पुरुष .. | 99 | 32 | 167 | 110 | 94 | 278 | 226 | 360 |
| महिला .. | 69 | 155 | 253 | 116 | 217 | 331 | 370 | 333 |
| योग .. | 168 | 187 | 420 | 226 | 311 | 609 | 596 | 693 |

## सारणी–16—(समाप्त)

| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जे0टी0सी0 (2 वर्ष)— | | | | | | | | | |
| पुरुष | .. | अनुपलब्ध | 994 | 949 | 999 | 1,592 | 54 | 24 | समाप्त |
| महिला | .. | अनुपलब्ध | 3 | 68 | 147 | 294 | 21 | 6 | समाप्त |
| योग | .. | अनुपलब्ध | 997 | 1,017 | 1,146 | 1,886 | 75 | 30 | समाप्त |
| एच0 टी0सी0 (दो वर्ष)— तथा बी0 टी0 सी0 (एक वर्ष) | | | | | | | | | |
| पुरुष | .. | 1,102 | 10,576 | 1,751 | 4,173 | 6,129 | 16,717 | 18,204 | 15,996 |
| महिला | .. | 349 | 636 | 294 | 547 | 1,553 | 3,570 | 4,309 | 4,951 |
| योग | .. | 1,451(य) | 11,212(र) | 2,045 | 4,720 | 7,682 | 20,287 | 22,513 | 20,947 |

(क) केवल एल0 टी0 परीक्षाफल है।

(–) आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं।

*आंकड़े प्राविजनल हैं।

(य) इस संख्या में 606 लड़के और लड़कियां भी बी0 टी0 सी0 परीक्षा उत्तीर्ण सम्मिलित हैं।

(र) सचल विद्यालय के छात्राध्यापक भी सम्मिलित हैं। यह योजना बाद में बन्द हो गयी है।

## सारणी–17

### 31 मार्च, 1973 की जिलेवार विद्यालयों की संख्या (प्रथम तीन स्तर)

| जिले का नाम | हाई/हायर सेकेन्डरी स्कूल | | | सीनियर बेसिक स्कूल | | | जूनियर बेसिक स्कूल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बालक | बालिका | योग | बालक | बालिका | योग | बालक | बालिका | योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1—इलाहाबाद* | 127 | 28 | 155 | 179 | 61 | 240 | 1,531 | 371 | 1,902 |
| 2—आजमगढ़* | 108 | 8 | 116 | 191 | 59 | 250 | 1,282 | 264 | 1,546 |
| 3—बलिया(–) | 73 | 4 | 77 | 152 | 39 | 191 | 962 | 230 | 1,192 |
| 4—बहराइच* | 24 | 4 | 28 | 97 | 52 | 149 | 914 | 246 | 1,160 |
| 5—बस्ती* .. | 85 | 6 | 91 | 228 | 63 | 291 | 1,570 | 261 | 1,831 |
| 6—देवरिया* | 100 | 7 | 107 | 245 | 40 | 286 | 1,662 | 317 | 1,979 |
| 7—फैजाबाद(–) | 63 | 10 | 73 | 135 | 15 | 150 | 1,059 | 252 | 1,311 |
| 8—गाजीपुर(–) | 71 | 5 | 76 | 121 | 32 | 153 | 730 | 200 | 930 |
| 9—गोंडा(–) | 40 | 7 | 47 | 96 | 20 | 116 | 1,386 | 279 | 1,665 |
| 10—गोरखपुर* .. | 105 | 16 | 121 | 211 | 88 | 299 | 1,456 | 320 | 1,776 |
| 11—जौनपुर* | 102 | 7 | 109 | 208 | 57 | 265 | 1,040 | 216 | 1,256 |
| 12—मिर्जापुर* | 46 | 5 | 51 | 108 | 34 | 142 | 1,055 | 150 | 1,205 |
| 13—प्रतापगढ़ (–) | 51 | 1 | 52 | 96 | 16 | 112 | 721 | 159 | 880 |
| 14—सुल्तानपुर(°) | 38 | 2 | 40 | 144 | 51 | 195 | 1,151 | 262 | 1,413 |
| 15—वाराणसी* | 108 | 34 | 142 | 241 | 104 | 345 | 1,320 | 301 | 1,621 |
| योग, पूर्वी क्षेत्र | 1,141 | 144 | 1,285 | 2,453 | 731 | 3,184 | 17,839 | 3,828 | 21,667 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16—अल्मोड़ा* | 58 | 5 | 63 | 104 | 10 | 114 | 788 | 102 | 890 |
| 17—पिथौरागढ़* | 34 | 5 | 39 | 80 | 7 | 87 | 580 | 91 | 671 |
| 18—देहरादून(°) | 28 | 15 | 43 | 54 | 31 | 85 | 440 | 102 | 542 |
| 19—पौडी गढ़वाल(°) | 62 | 4 | 66 | 104 | 30 | 134 | 796 | 142 | 938 |
| 20—चमोली* | 26 | 2 | 28 | 60 | 12 | 72 | 498 | 38 | 536 |
| 21—नैनीताल* | 32 | 14 | 46 | 104 | 26 | 130 | 693 | 102 | 795 |
| 22—टेहरी गढ़वाल* | 18 | 2 | 20 | 79 | 30 | 109 | 513 | 127 | 640 |
| 23—उत्तरकाशी* | 9 | 1 | 10 | 33 | 2 | 35 | 278 | 16 | 294 |
| योग, पर्वतीय क्षेत्र | 267 | 48 | 315 | 618 | 148 | 766 | 4,586 | 720 | 5,306 |
| 24—बांदा(0) | 30 | 4 | 34 | 148 | 23 | 171 | 896 | 222 | 1,118 |
| 25—हमीरपुर(°) | 23 | 5 | 28 | 69 | 16 | 85 | 964 | 165 | 1,129 |
| 26—जालौन(°) | 39 | 7 | 46 | 103 | 29 | 132 | 681 | 148 | 829 |
| 27—झांसी(–) | 45 | 12 | 57 | 150 | 38 | 188 | 1,059 | 183 | 1,242 |
| योग, बुन्देलखंड क्षेत्र | 137 | 28 | 165 | 470 | 106 | 576 | 3,600 | 718 | 4,318 |
| 28—आगरा* | 87 | 31 | 118 | 234 | 95 | 329 | 1,048 | 235 | 1,283 |
| 29—अलीगढ़(0) | 92 | 17 | 109 | 198 | 26 | 224 | 1,107 | 295 | 1,402 |
| 30—बरेली(°) | 56 | 20 | 76 | 137 | 46 | 183 | 936 | 275 | 1,211 |
| 31—बिजनौर(–) | 56 | 9 | 65 | 88 | 22 | 110 | 665 | 219 | 884 |
| 32—बदायूं(0) | 30 | 10 | 40 | 93 | 48 | 141 | 848 | 259 | 1,107 |
| 33—बुलन्दशहर* | 138 | 18 | 156 | 94 | 23 | 117 | 1,008 | 342 | 1,350 |
| 34—एटा (–) | 62 | 8 | 70 | 121 | 15 | 136 | 787 | 189 | 976 |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 35—इटावा(*) | 81 | 8 | 89 | 209 | 56 | 265 | 819 | 180 | 999 |
| 36—फर्रुखाबाद(–) | 76 | 14 | 90 | 179 | 44 | 223 | 817 | 213 | 1,030 |
| 37—मैनपुरी(–) | 53 | 8 | 61 | 186 | 52 | 238 | 964 | 173 | 1,137 |
| 38—मथुरा* | 83 | 12 | 95 | 105 | 25 | 130 | 819 | 214 | 1,033 |
| 39—मेरठ(–) | 186 | 53 | 239 | 215 | 94 | 309 | 1,590 | 511 | 2,101 |
| 40—मुरादाबाद(0) | 63 | 22 | 85 | 128 | 74 | 202 | 1,400 | 294 | 1,694 |
| 41—मुजफ्फरनगर(°) | 71 | 18 | 89 | 77 | 51 | 128 | 844 | 305 | 1,149 |
| 42—पीलीभीत(–) | 13 | 3 | 16 | 55 | 16 | 71 | 481 | 134 | 615 |
| 43—रामपुर(°) | 19 | 6 | 25 | 39 | 9 | 48 | 473 | 122 | 595 |
| 44—सहारनपुर* | 81 | 23 | 104 | 122 | 66 | 188 | 1,073 | 354 | 1,427 |
| 45—शाहजहांपुर(°) | 25 | 10 | 35 | 89 | 37 | 126 | 950 | 204 | 1,154 |
| योग, पश्चिमी क्षेत्र | 1,272 | 290 | 1,562 | 2,369 | 799 | 3,168 | 16,629 | 4,518 | 21,147 |
| 46—बाराबंकी* | 25 | 2 | 27 | 136 | 26 | 162 | 1,003 | 282 | 1,285 |
| 47—फतेहपुर(°) | 48 | 4 | 52 | 108 | 51 | 159 | 634 | 167 | 801 |
| 48—हरदोई(0) | 27 | 4 | 31 | 144 | 26 | 170 | 1,060 | 194 | 1,254 |
| 49—कानपुर(0) | 89 | 31 | 120 | 211 | 120 | 331 | 1,417 | 414 | 1,831 |
| 50—लखनऊ* | 62 | 37 | 99 | 85 | 25 | 110 | 812 | 332 | 1,144 |
| 51—लखीमपुर खीरी(–) | 27 | 5 | 32 | 72 | 39 | 111 | 974 | 160 | 1,134 |
| 52—रायबरेली(0) | 32 | 3 | 35 | 112 | 41 | 153 | 709 | 157 | 866 |
| 53—सीतापुर* | 28 | 6 | 34 | 195 | 75 | 270 | 1,012 | 227 | 1,239 |
| 54—उन्नाव* | 37 | 6 | 43 | 153 | 47 | 200 | 971 | 153 | 1,124 |
| योग मध्य क्षेत्र .. | 375 | 98 | 473 | 1,216 | 450 | 1,666 | 8,592 | 2,086 | 10,678 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| योग, सब क्षेत्र .. | 3,192 | 608 | 3,800 | 7,126 | 2,234 | 9,360 | 51,246 | 11,870 | 63,116 |
| आंग्ल भारतीय विद्यालय* .. | 28 | 17 | 45 | .. | 3 | 3 | 4 | 2 | 6 |
| महा योग | 3,220 | 625 | 3,845 | 7,126 | 2,237 | 9,363 | 51,250 | 11,872 | 63,122 |

*इनकी संख्या तीनों स्तर की वर्ष 1972-73 की है।

(0) इनकी संख्या तीनों स्तर की वर्ष 1971-72 की है।

(–) इन जिलों की हाई/हायर सेकेन्डरी विद्यालयों की संख्यायें वर्ष 1972-73 की और सीनियर बेसिक तथा जूनियर बेसिक स्कूलों की संशोधित संख्या वर्ष 1971–72 व 1970–71की है।

(°) इस जिले की संख्या तीनों स्तर की वर्ष 1970–71 की है।
उपर्युक्त आंकड़े अस्थायी हैं।

# उत्तर प्रदेश में शिक्षा की प्रगति

## भाग–2

## (प्राविधिक शिक्षा)

## 1973-74

प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश

कानपुर ।

# प्राविधिक शिक्षा की प्रगति 1973–74

उत्तर प्रदेश में प्राविधिक शिक्षा का विकास भारत सरकार की संस्तुतियों के अनुसार हो रहा है। प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत प्राविधिक संस्थान डिग्री अथवा डिप्लोमा स्तर के विभिन्न विषयों के प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। प्राविधिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश उत्तरोत्तर प्रगति कर रहा है। आजादी के पूर्व केंद्रीय विश्वविद्यालयों को छोड़कर पूरे प्रदेश में केवल एक इंजीनियरिंग कालेज रुड़की में था। जिसकी प्रवेश क्षमता 80 थी। इसके बाद प्रथम पंचवर्षीय योजना में इंजीनियरिंग कालेज, दयालबाग, आगरा की स्थापना हुई तथा रुड़की विश्वविद्यालय की प्रवेश क्षमता में वृद्धि की गई।

द्वितीय पंचवर्षीय योजना के अन्तर्गत राजकीय केंद्रीय सूती वस्त्रोद्योग संस्थान, कानपुर, एच0 बी0 टी0 आई0, कानपुर, मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कालेज, गोरखपुर तथा मोतीलाल नेहरू रीजनल इंजीनियरिंग कालेज, इलाहाबाद की भी स्थापना हुई तथा वर्ष 1966–67 से कृषि विश्व-विद्यालय, पंतनगर के एक संघटक के रूप में पंत कालेज आफ टेकनालाजी की स्थापना की गयी।

डिप्लोमा स्तर पर नई बहुधंधी संस्थायें, बरेली, झांसी, खुर्जा, चन्दौली, हंडिया, नैनीताल, हाथरस में स्थापित की गईं। इनके अतिरिक्त इलाहाबाद में नार्दन रीजनल इंस्टीट्यूट आफ प्रिंटिंग टेकनालाजी की भी स्थापना हुई।

वर्ष 1959–60 में दौराला, जौनपुर, गाजीपुर, इलाहाबाद तथा झांसी में माध्यमिक तकनीकी विद्यालय स्थापित किये गये।

तृतीय पंचवर्षीय योजना में स्वीडिस सरकार की सहायता से स्कूल आफ पेपर टेकनालाजी की स्थापना सहारनपुर में की गई। छात्राओं को तकनीकी शिक्षा प्रदान करने हेतु लखनऊ में एक महिला बहुधंधी संस्था की स्थापना की गई। चर्म उद्योग को प्रोत्साहित करने के लिए आगरा में एक लेदर इंस्टीट्यूट की स्थापना की गई। इसी अवधि में मिर्जापुर, फैजाबाद, कानपुर, बस्ती और आजमगढ़ में नयी बहुधंधी संस्थायें स्थापित की गई तथा आजमगढ़, बरेली, गोण्डा, मिर्जापुर, मुरादाबाद, लखनऊ, फैजाबाद और गोरखपुर में आठ नये माध्यमिक तकनीकी विद्यालय स्थापित किये गये।

वर्ष 1966–67 में पंतनगर में इंजीनियरिंग कालेज की स्थापना की गई।

वर्ष 1968–69 में श्रीनगर (गढ़वाल) में बहुधंधी संस्था की स्थापना की गई।

इस प्रकार चौथी पंचवर्षीय योजना में प्रारम्भ होने के समय प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत 7 डिग्री स्तर की संस्थायें, 13 राजकीय बहुधंधी संस्थायें, 15 सहायता प्राप्त बहुधंधी संस्थायें, 13 राजकीय माध्यमिक प्राविधिक विद्यालय तथा 8 विशिष्ट प्रशिक्षण देने वाली संस्थायें हो गयीं, (परिशिष्ट–1) जिनमें केन्द्रीय वस्त्रोद्योग संस्थान, कानपुर एवं कागज प्रौद्योगिक संस्थान सहारन-पुर विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

**प्राविधिक शिक्षा में औद्योगीकरण:—**

पंचवर्षीय योजनाओं के समय में उद्योग एवं निर्माण-कार्यों का विकास उस गति से नहीं हुआ। जैसा कि अनुमानित था इस कारण डिग्री तथा डिप्लोमा प्राप्त छात्रों में कुछ बेरोजगारी आ गयी। इन बातों को दृष्टिकोण में रखते हुये शासन ने चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में परंपरागत पाठ्यक्रमों की प्रवेश क्षमता में वृद्धि न करने की नीति अपनायी गयी। चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में मुख्य बल डाइ-वर्सीफाइड पाठ्यक्रमों पर कर दिया गया। सिचाई एवं विद्युत की योजनायें सड़कों के निर्माण तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग के अन्य निर्माण-कार्य के अतिरिक्त यांत्रिक यातायात में भारी तथा हल्की गाड़ियों के उपयोग के कारण डीजल तथा पेट्रोल इंजनों तथा मोटर गाड़ियों का इस्तेमाल दिन

प्रतिदिन बढ़ रहा है जिसके लिये आटोमोबाइल इंजीनियरिंग के कुशल टेक्नीशियनों की आवश्यकता है। इसी प्रकार से रेलवे खाद्य उद्योग एयर कंडीशन तथा रेफरीजरेशनिंग की कार्यशालायें इत्यादि को एयर कन्डीशनिंग रेफरीजरेशन के तकनीशियनों की आवश्यकता है। रेडियो ट्रांजिस्टर तथा टेलीविजन का उपयोग दिन प्रतिदिन बढ़ने के कारण इलेक्ट्रानिक्स में प्रशिक्षित कारीगरों की आवश्यकता बढ़ गई है। इसके अतिरिक्त एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग, हाई वे इंजीनियरिंग, टाउन प्लानिंग इत्यादि में भी प्रशिक्षकों की आवश्यकता चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में अनुभव की गयी। वर्ष 1969–70 से 1972–73 तक निम्नलिखित डाइवर्सीफाइड पाठ्यक्रम विभिन्न संस्थाओं में चालू किये गये हैं।

## 1969–70

1—एयर कंडीशनिंग एवं रेफ्रीजरेशन में एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा पाठ्यक्रम, एम0 जी0 पालीटेक्निक, हाथरस (प्रवेश क्षमता—10)।

2—इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रानिक्स में एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा पाठ्यक्रम इलाहाबाद पालीटेक्निक, इलाहाबाद (प्रवेश क्षमता—10)।

3—आटोमोबाइल इंजीनियरिंग में एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा पाठ्यक्रम राजकीय बहुधंधी संस्था, लखनऊ (प्रवेश क्षमता–10) (बाद में यह पाठ्क्रम बन्द कर दिया गया)।

## 1970–71

4—डिजाइन एवं ड्राफ्टिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम इलाहाबाद पालीटेकनिक, इलाहाबाद (प्रवेश क्षमता—10)।

5–सैंडविच पद्धति पर चार वर्षीय केमिकल आपरेटर्स पाठ्यक्रम, राजकीय पालीटेकनिक, गोरखपुर (प्रवेश क्षमता—10)।

6—तीन वर्षीय इलेक्ट्रानिक्स में डिप्लोमा पाठ्यक्रम, इलाहाबाद (प्रवेश क्षमता-30)।

7—इंस्ट्रूमेंट टेकनालाजी में एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा पाठ्यक्रम, राजकीय पोलीटेकनिक, कानपुर (प्रवेश क्षमता—10)।

8—आटोमोबाइल इंजीनियरिंग में एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा पाठ्यक्रम, पी0एम0 वी0 पालीटेकनिक, मथुरा, (प्रवेश क्षमता—10) (बाद में यह पाठ्यक्रम बन्द कर दिया गया)।

## 1971–72

9—तीन वर्षीय इलेक्ट्रिानिक्स डिप्लोमा पाठ्यक्रम—राजकीय पालीटेकनिक, कानपुर, के0 एल0 पालीटेकनिक, रुड़की तथा लखनऊ पालीटेननिक, लखनऊ (प्रवेश क्षमता—30 प्रति संस्था)।

10—तीन वर्षीय डिप्लोमा इन आटोमोबाइल इंजीनियरिंग राजकीय बहुधंधी संस्था, लखनऊ गोरखपुर, बरेली, झांसी (प्रवेश क्षमता—30 प्रति संस्था)।

11—एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा रेफरीजरेशन एयर कंडीशनिंग, इलाहाबाद बहुधंधी संस्था, इलाहाबाद (प्रवेश क्षमता—10)।

12—एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा इन फाउन्ड्री टेकनालाजी, राजकीय बहुधंधी संस्था, मुरादाबाद (प्रवेश क्षमता-10)।

## 1972–73

1—तीन वर्षीय आटोमोबाइल इंजीनियरिंग डिप्लोमा पाठ्यक्रम पी0एम0वी0 पालीटेकनिक, मथुरा (प्रवेश क्षमता-30)।

2—तीन वर्षीय सिरेमिक टेकनालाजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम सेठ गंगा सागर जटिया पालीटेकनिक, खुर्जा (प्रवेश क्षमता—30)।

3—कस्ट्यूम डिजाइन तथा ड्रेस मेकिंग में डिप्लोमा पाठ्यक्रम राजकीय महिला बहुधंधी संस्था, लखनऊ (प्रवेश क्षमता—30)।

4—कार्मशियल प्रैक्टिस में डिप्लोमा पाठ्यक्रम--नैनीताल पालीटेकनिक, नैनीताल (प्रवेश क्षमता–30)

5—3 वर्षीय इलेकट्रानिक्स में डिप्लोमा पाठ्यक्रम -राजकीय पालीटेकनिक, झांसी (प्रवेश क्षमता–30)।

6—सैंडविच पद्धति पर चार वर्षीय केमिकल आपरेटर्स पाठ्यक्रम राजकीय बहुधंधी संस्था, कानपुर (प्रवेश क्षमता—10)।

7—एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा पाठ्यक्रम एअर कंडीशनिंग तथा रेफरीजरेशन राजकीय पालीटेकनिक, बरेली तथा देव नागरी पालीटेकनिक, मेरठ (प्रति संस्थान, प्रवेश क्षमता—10)।

चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के प्रथम चार वर्षों में 532–350 लाख रु0 की धनराशि उपलब्ध थी जिसमें वास्तविक व्यय 413.505 लाख रु0 निम्न प्रकार से हुआ :—

| क्रमांक वर्ष | | | | परिव्यय | वास्तविक व्यय (लाख रुपयों में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1—1,969–70 | .. | .. | .. | 180.000 | 152.213 |
| 2—1970–71 | .. | .. | .. | 170.000 | 131.286 |
| 3—1971–72 | .. | .. | .. | 182.350 | 130.006 |
| 4—1972–73 | .. | .. | .. | 180.000 | 144.529 |
| | | | योग .. | 712.350 | 558.034 |

## वर्ष 1973–74 की प्रगति

वर्ष 1973–74 में डिग्री स्तर पर प्रवेश क्षमता में कोई परिवर्तन नहीं हुआ तथा प्रवेश क्षमता 980 ही रही (परिशिष्ट-2) जिसमें कृषि इंजीनियरिंग की 50 सीटें सम्मिलित हैं। डिग्री स्तर पर कोई नया पाठ्यक्रम प्रारम्भ नहीं किया गया तथा चालू वर्ष में बजट के अन्तर्गत जो योजनायें पहिले से चल रही हैं उनको पूरा करने हेतु फैकल्टी विकास तथा स्टाफ क्वार्टर पर ध्यान दिया गया।

डिप्लोमा स्तर पर तृतीय पंचवर्षीय योजना की अधूरी योजनाओं को पूरा करने के अतिरिक्त नये पाठ्यक्रमों के लिए प्राविधान किया गया है। इसके अतिरिक्त परम्परागत पाठ्यक्रमों को, अधिक उपयोगी बनाने के लिये उसमें इलेक्ट्रिक्स विषयों का समावेश किया गया है जिसके लिए अतिरिक्त साज सज्जा का भी प्राविधान किया गया है। वर्ष 1973–74 में निम्नलिखित नये डाइवर्सीफाइड पाठ्यक्रम प्रारम्भ किये गये।

| | | प्रवेश क्षमता |
|---|---|---|
| (1) इलाहाबाद बहुधंधी संस्था, इलाहाबाद | | |
| 1—आटोमोबाइल इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम | .. | 30 |
| 2—कार्मशियल प्रैक्टिस में दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम | .. | 30 |
| 3—प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम | .. | 30 |
| 4—कान्सट्रक्शन टकनालाजी में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम | .. | 30 |
| 5—इंसट्रूमेंटेसन एवं कंट्रोल में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम | .. | 30 |
| (2) एम0बी0 पोलीटेकनिक, हाथरस। | | |
| इंडस्ट्रियल इलेकट्रानिक्स में एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा पाठ्यक्रम | .. | 10 |
| (3) चन्दौली पालीटेकनिक, चन्दौली। | | |
| कृषि अभियंत्रण में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम | .. | 30 |

(4) राजकीय बहुधंधी संस्था, मिर्जापुर ।

इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग में एक वर्षीय पोस्ट डिप्लोमा पाठ्य क्रम 10

वित्तीय वर्ष 1973–74 में आयोजनागत परियोजनाओं के लिये 175.000 लाख रुपये का परिव्यय निर्धारित है जिसमें 13.000 लाख रु0 का प्राविधान प्राविधिक शिक्षा ऋण का सम्मिलित है ।

प्राविधिक शिक्षा ऋण--प्रथम पंचवर्षीय योजना में तकनीकी प्रशिक्षण हेतु ऋण की योजना आरम्भ की गई थी जिसमें भारतवर्ष के अन्दर 7,000 रुपये तथा विदेश के लिये 15,000 रुपये तक प्राविधिक शिक्षा के लिए ऋण स्वीकृत किया जा सकता है । इस योजना के अन्तर्गत प्रथम योजना 3.071 लाख रुपये द्वितीय योजना में 20.712 लाख रुपये तथा तृतीय योजना में 91.312 लाख रुपये तथा चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के प्रथम चार वर्षों में 83.690 लाख रुपया वितरित किया जा चुका है । वर्ष 1973–74 में प्राविधिक शिक्षा ऋण के लिये 13–000 लाख रुपये का प्राविधान है । इसके विपरीत माह दिसम्बर 1973 तक 8.188 लाख रुपये व्यय हुआ ।

वर्ष 1973–74 में माह दिसम्बर तक प्राप्त तथा स्वीकृत प्रार्थनापत्रों की स्थिति निम्न प्रकार है:—

(1) वर्ष 1973–74 में प्राप्त प्रार्थना-पत्र

| | |
|---|---|
| (अ) उत्तर प्रदेश की संस्थाओं से | 555 |
| (ब) दूसरे प्रदेशों से | 31 |
| (स) विदेश के लिए | 11 |
| योग .. | 597 |

(2) स्वीकृत प्रार्थना-पत्र

| | |
|---|---|
| (अ) उत्तर प्रदेश | 360 |
| (ब) दूसरे प्रदेश | 29 |
| (स) विदेश के लिए | 6 |
| योग .. | 395 |

औद्योगिक सम्पर्क परिषद ।

उद्योगों से सम्पर्क स्थापित करने एवं छात्रों की रोजगार की समस्याओं को हल करन तथा उद्योगों की आवश्यकताओं का अध्ययन करके पाठ्यक्रम तथा पाठ्यचर्या में संशोधन की संस्तुति हेतु औद्योगिक सम्पर्क परिषद् की स्थापना की गई है । मुख्य मंत्री जी इस परिषद् के अध्यक्ष हैं तथा प्राविधिक शिक्षा निदेशक सदस्य सचिव हे ।

आवास गृहों का निर्माण--

प्राविधिक शिक्षा संस्थाओं में कर्मचारियों के लिए आवासगृहों की सुविधा का अनुभव किया गया जिसके लिए संस्थाओं में आवासगृहों के निर्माण के लिये योजना चल रही है तथा उसके लिए आवश्यक प्राविधान किया गया है

विद्यार्थियों को सुविधायें--

विद्यार्थियों को सुविधा प्रदान करने के अन्तर्गत संस्थाओं में कैन्टीन, डिस्पेंसरी, एन0सी0सी0 ब्लाक तथा साइकिल स्टैंड की सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही हैं ।

प्रशितक्षण युक्त उत्पादन केन्द्रों की स्थापना--

चौथी पंचवर्षीय योजना में इलाहाबाद बहुधंधी संस्था, इलाहाबाद तथा नैनीताल बहुधंधी संस्था, नैनीताल प्रशिक्षण युक्त उत्पादन केंद्रों की स्थापना की गई । इस योजना क अन्तर्गत प्रशिक्षण में उत्पादन आधारित बनाने हेतु मोटर गाड़ियों, रेफ्रीजरेटर, रेडियो इत्यादि की मरम्मत के साथ पावर थ्रेसर, स्टील फरनीचर, इमरजेंसी लाइट, टूल डाइज तथा टीचिंग एड्स इत्यादि का उत्पादन भी किया जाता है । इसी प्रकार का एक प्रशिक्षण युक्त उत्पादन केंद्र चन्दौली पालीटकनिक, चन्दौली के लिय स्वीकृत है जिसमें योजना को अधिक उपयोगी बनान के लिये योजना में कुछ संशोधन किये जा रहे हैं ।

**स्वतः रोजगार की योजना--**

तकनीकी शिक्षा प्राप्त नवयुवकों को स्वावलम्बी बनाने के हेतु डिप्लोमा धारकों के लिये स्वतः रोजगार की योजना प्रस्तावित की गई है जिसके अनुसार छात्रों को कुछ मास की स्टाइपेंड्री ट्रेनिंग तथा अपना उद्योग लगाने हेतु आर्थिक सहायता दी जायगी ।

**क्रैश प्रोग्राम--**

विभिन्न विभागों में सिविल अभियंत्रणों की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के उद्देश्य से प्रदेश की कई संस्थाओं में क्रैश प्रोग्राम प्रारम्भ किया गया है । इस प्रोग्राम के अन्तर्गत इलेक्ट्रिकल तथा मैकेनिकल इंजीनियरिंग के डिप्लोमा धारकों को 8 माह का सिविल इंजीनियरिंग में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। अन्य विषयों के बेरोजगार स्नातक इंजीनियरों के लिये रुड़की विश्वविद्यालय से सिविल इंजीनियरिंग का एक 15 महीने का कन्डेंस्ड कोर्स आरम्भ किया गया। इस कोर्स में 50 छात्रों को प्रवेश दिया है ।

**शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण--**

प्रशिक्षण का स्तर ऊंचा करने के लिए चन्डीगढ़ में टेकनिकल टीचर्स ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट की स्थापना की गई जिसमें इस प्रदेश से 1967-68 से वर्ष 1973-74 तक निम्न शिक्षक पोषित किये गये--

| वर्ष | | शिक्षकों की संख्या |
|---|---|---|
| 1967-68 | .. | 10 |
| 1968-69 | .. | 15 |
| 1969-70 | .. | 19 |
| 1970-71 | .. | 13 |
| 1971-72 | .. | 12 |
| 1972-73 | .. | 28 |
| 1973-74 | .. | 30 |

इसके अतिरिक्त बहुधंधी संस्थाओं से विभिन्न विषयों में अल्पकालीन प्रशिक्षण के लिए भी प्रशिक्षकों को पोषित करने की व्यवस्था है ।

**भौतिक प्रगति--**

वर्ष 1973-74 में डिग्री स्तर पर स्वीकृत 980 प्रवेश क्षमता के विरुद्ध 1089 प्रवेश हुए ।

डिप्लामा स्तर पर स्वीकृत प्रवेश क्षमता 6,260 के विरुद्ध 6,891 छात्रों ने प्रवेश लिया, यह संख्या गत वर्षों से सबसे अधिक है तथा प्रवेश में वृद्धि उत्साहजनक है ।

वर्ष 1972-73 में राजकीय माध्यमिक प्राविधिक विद्यालय जिनको बन्द कर दिया गया था जौनपुर के अतिरिक्त 12 विद्यालय पुनः चालू कर दिये गये हैं । इन संस्थाओं में भी प्रवेश की स्थिति संतोषजनक है ।

वर्ष 1973-74 में प्रवेश क्षमता के विपरीत 633 छात्रों ने प्रवेश लिया ।

**छात्रों को आर्थिक सहायता--**

प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के अन्तर्गत चल रही सम्पूर्ण संस्थाओं में 15 प्रतिशत छात्रों को पूर्ण शुल्क 30 प्रतिशत छात्रों को अर्धशुल्क मुक्त करने की व्यवस्था है । इसके अतिरिक्त प्रत्येक संस्था में 104 छात्रों को 25 रु० प्रतिमाह छात्रवृत्ति देने का भी प्राविधान है ।

**वर्ष 1974-75 के कार्य-क्रमों की रूप रेखा--**

वर्ष 1974-75 के लिए 125 लाख रुपये का परिव्यय निर्धारित किया गया है जिसमें 55.25 लाख रुपये का प्राविधान डिग्री संस्थाओं के लिये तथा 69.75 लाख रुपये का प्राविधान डिप्लोमा संस्थाओं के लिए रखा गया है ।

डिग्री स्तर--वर्ष 1974-75 में डिग्री स्तर पर कोई नया कार्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव नहीं है कवल पुराने पाठ्यक्रमों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्राविधान किया गया है ।

डिप्लोमा स्तर—वर्ष 1974-75 में निम्नलिखित नये डाइवर्सीफाइड पाठ्यक्रम चलाने का प्रस्ताव है:—

1—आटोमोबाइल इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम ।

2—राजकीय बहुधंधी संस्था श्रीनगर तथा टाउन पोलीटेकनिक, बलिया (प्रवेश क्षमता 30 प्रतिशत प्रति संस्था) ।

31—इलेक्ट्रानिक्स में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम नैनीताल बहुधंधी संस्था नैनीताल (प्रवेश क्षमता-30)।

3—पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम इलाहाबाद बहुधंधी संस्था, इलाहाबाद (प्रवेश क्षमता -30)

4—इंटीरियर डेकारेशन में 3 वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम राजकीय महिला बहुधंधी संस्था, लखनऊ (प्रवेश क्षमता-30) ।

वर्ष 1974-75 में टाउन पोलीटेकनिक, बलिया तथा राजकीय बहुधंधी संस्था श्रीनगर (गढ़वाल) की प्रवेश क्षमता 60 से बढ़ाकर 120 प्रति संस्था करने का प्रस्ताव है।

लखनऊ बहुधंधी संस्था, लखनऊ में पावर थ्रेसर, ट्रैक्टर, टेलर, ग्रेन स्टोरेज पिन्स तथा इलेक्ट्रो-प्लेटिंग प्लांट के उत्पादन हेतु प्रशिक्षण युक्त उत्पादन केंद्र की स्थापना का प्रस्ताव है।

वर्ष 1974-75 में राजकीय माध्यमिक प्राविधिक विद्यालयों के पुनर्गठन का प्रस्ताव है। इस योजना के अन्तर्गत इलेक्ट्रीशियन में एक नया पाठ्यक्रम प्रस्तावित हैं जिसके लिए अतिरिक्त स्टाफ तथा साज-सज्जा के लिए 1.50 लाख रुपये का प्राविधान प्रस्तावित है।

वर्किंग ग्रुप की संस्तुति के अनुसार प्राविधिक शिक्षा में बहुमुखी विकास लाने हेतु प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के प्रत्येक अनुभाग में पर्याप्त कर्मचारी वर्ग उपलब्ध कराने हेतु निदेशालय के पुनर्गठन एवं सुदृढ़ीकरण का प्रस्ताव है जिसके लिए अतिरिक्त स्टाफ तथा साज-सज्जा आदि का प्राविधान किया गया है।

वर्ष 1974-75 में डिग्री स्तर पर प्रवेश क्षमता का लक्ष्य 1,330 रखा गया है तथा डिप्लोमा स्तर पर 6,520 छात्रों को भरती करने का लक्ष्य है।

------

## परिशिष्ट—1

## उत्तर प्रदेश में डिग्री डिप्लोमा स्तर के प्राविधिक संस्थानों की सूची

### डिग्री स्तर की संस्थायें

1--रुड़की विश्वविद्यालय, रुड़की ।
2--इंजीनियरिंग कालेज, दयालबाग, आगरा ।
3--मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कालेज, इलाहाबाद ।
4--मदनमोहन मालवीय इंजीनियरिंग कालेज, गोरखपुर ।
5--पंत कालेज आफ इंजीनियरिंग ऐंड टेक्नालाजी, पंतनगर ।
6--एच0बी0टी0आई0, कानपुर ।
7--राजकीय सेंट्रल टेक्सटाइल इंस्टीट्यूट, कानपुर ।

### डिप्लोमा स्तर की संस्थायें

1--राजकीय बहुधंधी संस्था, गोरखपुर ।
2--राजकीय बहुधंधी संस्था, झाँसी ।
3--राजकीय बहुधंधी संस्था, बरेली ।
4--राजकीय बहुधंधी संस्था, कानपुर ।
5--राजकीय बहुधंधी संस्था, फैजाबाद ।
6--राजकीय बहुधंधी संस्था, आजमगढ़ ।
7--राजकीय बहुधंधी संस्था, मिर्जापुर ।
8--राजकीय बहुधंधी संस्था, मुरादाबाद ।
9--राजकीय बहुधंधी संस्था, गोंडा ।
10--राजकीय बहुधंधी संस्था, बस्ती ।
11--राजकीय बहुधंधी संस्था, लखनऊ ।
12--राजकीय बहुधंधी संस्था, श्रीनगर (गढ़वाल) ।
13--सेठ गंगासागर जाटिया बहुधंधी संस्था, खुर्जा ।

### सहायता प्राप्त बहुधंधी संस्थान

14--हेविट बहुधंधी संस्था, लखनऊ ।
15--लखनऊ बहुधंधी संस्था, लखनऊ ।
16--डी0जे0 बहुधंधी संस्था, बड़ौत ।
17--डी0एन0 बहुधंधी संस्था, मेरठ ।
18--गांधी बहुधंधी संस्था, मुजफ्फरनगर ।
19--हंडिया बहुधंधी संस्था, हंडिया ।
20--इलाहाबाद बहुधंधी संस्था, इलाहाबाद ।
21--पी0एम0वी0 बहुधंधी संस्था मथुरा ।
22--एम0पी0 बहुधंधी संस्था, गोरखपुर ।
23--के0एल0 बहुधंधी संस्था, रुड़की ।
24--चन्दौली बहुधंधी संस्था, चन्दौली ।
25--एम0जी0 बहुधंधी संस्था, हाथरस ।
26--टेक्निकल कालेज दयालबाग, आगरा ।
27--टाउन बहुधंधी संस्था, बलिया ।
28--नैनीताल बहुधंधी संस्था, नैनीताल ।

29--राजकीय केंद्रीय वस्त्र संस्था, कानपुर ।
30--एन0 आर0 इंस्टीट्यूट आफ प्रिंटिंग टेकनालाजी, इलाहाबाद ।
31--राजकीय चर्म संस्था, आगरा ।
32--राजकीय बालिका बहुधंधी संस्था, लखनऊ ।
33--राजकीय चर्म संस्था, कानपुर ।
34--स्कूल आफ पेपर टेकनालाजी, सहारनपुर ।

## राजकीय माध्यमिक प्राविधिक विद्यालय

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1--राजकीय | माध्यमिक | प्राविधिक | विद्यालय, | | गोरखपुर । |
| 2-- | ,, | ,, | ,, | ,, | बरेली । |
| 3-- | ,, | ,, | ,, | ,, | फैजाबाद । |
| 4-- | ,, | ,, | ,, | ,, | लखनऊ । |
| 5-- | ,, | ,, | ,, | ,, | मिर्जापुर । |
| 6-- | ,, | ,, | ,, | ,, | आजमगढ़ । |
| 7-- | ,, | ,, | ,, | ,, | इलाहाबाद । |
| 8-- | ,, | ,, | ,, | ,, | गाजीपुर । |
| 9-- | ,, | ,, | ,, | ,, | झांसी । |
| 10-- | ,, | ,, | ,, | ,, | गोंडा । |
| 11-- | ,, | ,, | ,, | ,, | मुरादाबाद । |
| 12-- | ,, | ,, | ,, | ,, | दौराला (मेरठ) |

------

## परिशिष्ट–2

| डिग्री स्तर की संस्थाओं के नाम | 1973—74 प्रवेश क्षमता | |
|---|---|---|
| | स्नातकस्तर | स्नातकोत्तर स्तर |
| 1—रुड़की विश्वविद्यालय, रुड़की। .. .. | 305 | 416 |
| 2—इंजीनियरिंग कालेज दयालबाग, आगरा .. | 60 | -- |
| 3--पंत कालेज आफ इंजीनियरिंग टेकनालाजी .. | 150 | -- |
| 4--मोतीलाल नेहरू रीजनल इंजीनियरिंग कालेज, इलाहाबाद | 180 | 80 |
| 5—एच0 बी0 टी0 आई0 कानपुर। .. | 195 | 85 |
| 6—राजकीय केन्द्रीय वस्त्रोद्योग संस्थान, कानपुर .. | 30 | -- |
| 7—मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कालेज गोरखपुर | 140 | -- |
| योग .. | 1,060 | 581 |

# परिशिष्ट-3

वर्ष 1973-74 में डिप्लोमा स्तर पर पाठ्यक्रमवार संस्थाओं में प्रवेश किये जाने का लक्ष्य

| संस्था का नाम | | | | | प्रवेश छमता |
|---|---|---|---|---|---|
| **1—राजकीय बहुधंधी संस्थान, लखनऊ—** | | | | | |
| नागरिक अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 90 |
| विद्युत अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 105 |
| यांत्रिक अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 105 |
| आटोमोबाइल इंजीनियरिंग | .. | .. | .. | .. | 30 |
| | | | योग | .. | 330 |
| **2—राजकीय बहुधंधी संस्थान, गोरखपुर—** | | | | | |
| नागरिक अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 90 |
| विद्युत अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 105 |
| यांत्रिक अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 105 |
| कैमिकल आपरेटर | .. | .. | .. | .. | 10 |
| आटोमोबाइल इंजीनियरिंग | | .. | .. | .. | 30 |
| पोस्ट डिप्लो-रेफरीजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग | | | .. | .. | 10 |
| | | | योग | .. | 350 |
| **3—राजकीय बहुधंधी संस्था, बरेली—** | | | | | |
| नागरिक अभियंत्रण | | .. | .. | .. | 60 |
| विद्युत अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 90 |
| यांत्रिक अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 90 |
| आटोमोबाइल इंजीनियरिंग | | .. | .. | .. | 30 |
| पोस्ट डिप्लोमा-रेफरीजरेशन एवं एयरकंडीशनिंग | | | .. | .. | 10 |
| | | | योग | .. | 280 |
| **4—राजकीय बहुधंधी संस्थान, झांसी—** | | | | | |
| नागरिक अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 60 |
| विद्युत अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 90 |
| यांत्रिक अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 90 |
| आटोमोबाइल अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 30 |
| इलेक्ट्रानिक्स | . | .. | .. | .. | 30 |
| | | | योग | .. | 300 |

| संस्था का नाम | प्रवेश क्षमता |
|---|---|
| **5—राजकीय बहुधंधी संस्थान, कानपुर—** | |
| नागरिक अभियंत्रण | 60 |
| विद्युत अभियंत्रण | 120 |
| यांत्रिक अभियंत्रण | 120 |
| केमिकल आपरेटर | 10 |
| इलेक्ट्रानिक्स | 30 |
| पोस्ट डिप्लोमा-इन्स्ट्रूमेंट टेकनालाजी | 10 |
| योग | 350 |
| **6—राजकीय बहुधंधी संस्था, फैजाबाद—** | |
| नागरिक अभियंत्रण | 30 |
| विद्युत् अभियंत्रण | 75 |
| यांत्रिक अभियंत्रण | 75 |
| योग | 180 |
| **7—राजकीय बहुधंधी संस्था, मिर्जापुर—** | |
| नागरिक अभियंत्रण | 30 |
| विद्युत अभियंत्रण | 75 |
| यांत्रिक अभियंत्रण | 75 |
| पो0डि0 इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग | 10 |
| योग | 190 |
| **8—सेठ गंगा सागर जटिया पोलीटेक्निक, खुर्जा—** | |
| नागरिक अभियंत्रण | 60 |
| विद्युत अभियंत्रण | 60 |
| यांत्रिक अभियंत्रण | 60 |
| सिरेमिक टेकनालाजी | 30 |
| योग | 210 |
| **9—राजकीय पोलीटेक्निक, आजमगढ़—** | |
| नागरिक अभियंत्रण | 30 |
| विद्युत अभियंत्रण | 75 |
| यांत्रिक अभियंत्रण | 75 |
| योग | 180 |
| **10—राजकीय बहुधंधी संस्था, गोंडा—** | |
| नागरिक अभियंत्रण | 30 |
| विद्युत अभियंत्रण | 45 |
| यांत्रिक अभियंत्रण | 45 |
| योग | 120 |

| संस्था का नाम | प्रवेश क्षमता |
| --- | --- |
| **11—राजकीय बहुधंधी संस्था, बस्ती—** | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 30 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 45 |
| यांत्रिक अभियंत्र .. .. .. .. | 45 |
| योग .. | 120 |
| **12—राजकीय बहुधंधी संस्था, मुरादाबाद—** | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. | 60 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 90 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 90 |
| पोस्ट डिप्लोमा-फाउन्ड्री टेकनालाजी .. .. .. | 10 |
| योग .. | 250 |
| **13—राजकीय बहुधंधी संस्था, श्रीनगर—** | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 30 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 45 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 45 |
| आटोमोबाइल अभियंत्रण .. .. .. .. | 30 |
| योग .. | 150 |
| **14—एम0जी0 पोलीटेकनिक, हाथरस—** | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 60 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 60 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. | 60 |
| पोस्ट डिप्लोमा रेफरीजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग .. .. | 10 |
| ,, ,, इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रानिक्स .. .. .. | 10 |
| योग .. | 200 |
| **15—पी0एम0बी0 पोलीटेकनिक मथुरा—** | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 60 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 60 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 00 |
| आटोमोबाइल अभियंत्रण .. .. .. .. | 30 |
| योग .. | 210 |
| **16—हंडिया पोलीटेकनिक, हंडिया—** .. | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. .. .. | 30 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. .. | 45 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. .. .. | 45 |
| योग .. | 120 |

| संस्था का नाम | प्रवेश क्षमता |
| --- | --- |
| 17—चन्दौली पोलीटेकनिक, चन्दौली— | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 30 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 45 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 45 |
| एग्रीकल्चरल अभियंत्रण .. .. .. .. | 30 |
| योग .. | 150 |
| 18—नैनीताल बहुधंधी संस्था, नैनीताल— | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 60 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 60 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 60 |
| कार्मशियल प्रेक्टिस .. .. .. .. | 30 |
| पोस्ट डिप्लोमा हाई टीट्यूड अभि0 .. .. .. | 10 |
| इलेक्ट्रानिक .. .. .. . .. | 30 |
| योग .. | 250 |
| 19—के0एल0 पोलीटेकनिक, रुड़की— | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 60 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 90 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 90 |
| इलेक्ट्रानिक्स .. .. .. .. | 30 |
| योग .. | 270 |
| 20—गाँधी पोलीटेकनिक, मुजफ्फरनगर— | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 30 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 45 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 45 |
| आटोमोबाइल अभियंत्रण .. .. .. .. | .. |
| योग .. | 120 |
| 21—डी0जे0 पोलीटेकनिक, बड़ौत (मेरठ)— | |
| नागरिक अभियंतण .. .. .. .. | 30 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 45 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 45 |
| योग .. | 120 |

| संस्था का नाम | प्रवेश क्षमता |
|---|---|
| **22—डी0एन0 पोलीटेक्निक, मेरठ** | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 30 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 75 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 75 |
| पोस्ट डिप्लोमा रेफरीजरेशन एवं एयर कंडीशनिंग .. .. | 10 |
| योग .. | 190 |
| **23—इलाहाबाद बहुधंधी संस्था, इलाहाबाद** | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 60 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 90 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 120 |
| इलेक्ट्रानिक्स .. .. .. .. | 30 |
| पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रानिक्स .. .. .. | 10 |
| „ „ रेफरीजरेशन एवं एयरकंडीशनिंग .. .. | 10 |
| „ „ डिजाइन एवं ड्राफ्टिंग .. .. | 10 |
| „ „ टेलीविजन .. .. .. | 10 |
| डिप्लोमा पाठ्यक्रम आटोमोबाइल .. .. .. | 30 |
| „ „ कामर्शियल प्रैक्टिस .. .. .. | 30 |
| „ „ प्रोडक्शन इंजीनियरिंग .. .. | 30 |
| „ „ कान्स्ट्रक्शन टेक्नालाजी .. .. | 30 |
| „ „ इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल .. .. | 30 |
| „ पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग .. .. .. | 30 |
| योग .. | 520 |
| **24—एम0पी0 पोलीटेक्निक, गोरखपुर** .. .. | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 30 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 45 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 45 |
| योग .. | 120 |
| **25—टाउन पोलीटेक्निक, बलिया** | |
| नागरिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 30 |
| विद्युत अभियंत्रण .. .. .. .. | 45 |
| यांत्रिक अभियंत्रण .. .. .. .. | 45 |
| आटोमोबाइल अभियंत्रण .. .. .. .. | 30 |
| योग .. | 150 |

| संस्था का नाम | | | | | प्रवेश क्षमता |
|---|---|---|---|---|---|
| **26—लखनऊ पोलीटेक्निक, लखनऊ** | | | | | |
| नागरिक अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 80 |
| विद्युत अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 80 |
| यांत्रिक अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 80 |
| इलेक्ट्रानिक्स | .. | .. | .. | .. | 30 |
| | | | योग | .. | 270 |
| **27—हेविट पोलीटेक्निक, लखनऊ** | | | | | |
| नागरिक अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 60 |
| विद्युत अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 120 |
| यांत्रिक अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 120 |
| | | | योग | .. | 300 |
| **28—टेक्निकल कालेज दयालबाग, आगरा** | | | | | |
| विद्युत अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 55 |
| यांत्रिक अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 55 |
| आटोमोबाइल अभियंत्रण | .. | .. | .. | .. | 40 |
| | | | योग | .. | 150 |
| (अन्य डिप्लोमा पाठ्यक्रम) | | | | | |
| **29—राजकीय केंद्रीय वस्त्र संस्था, कानपुर** | | | | | 30 |
| टेक्सटाइल टेक्नालाजी | | .. | .. | .. | |
| 30—राजकीय चर्म संस्था, कानपुर। | | | | | 30 |
| लेदर टेक्नालाजी | | .. | .. | .. | |
| 31—राजकीय चर्म संस्था, आगरा। | | | | | 30 |
| लेदर टेक्नालाजी | | .. | .. | .. | |
| 32—एन0 आर0 प्रिंटिंग, टेक्नालाजी, इलाहाबाद। | | | | | |
| प्रिंटिंग टेक्नालाजी | | | .. | .. | 60 |
| **33—स्कूल आफ पेपर टेक्नालाजी, सहारनपुर।** | | | | | |
| पल्प टेक्नालाजी (डि0) | | .. | .. | .. | 100 |
| पल्प टेक्नालाजी (सी0डी0) | | | | | |
| **34—राजकीय बालिका बहुधंधी संस्था, लखनऊ।** | | | | | |
| इलेक्ट्रानिक्स | .. | .. | .. | .. | 30 |
| कास्ट्यूम डिजाइन एवं ड्रेस मेकिंग | | .. | .. | .. | 30 |
| स्टेनोग्राफर | .. | .. | .. | .. | 30 |
| इन्टीरियर डेकोरेशन | .. | .. | .. | .. | 30 |
| | | | योग | .. | 120 |
| | | | महायोग | .. | 6,520 |

पी0 एस0 यू0 पी0—ए0 पी0 13 शिक्षा—1964—2,000 (मेक0)